
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 196
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 18 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in

# प्रात:काल एक्सप्रेस

सच से रुबरु

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



### सेमिकॉन इंडिया में बोले पीम मोदी-

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और मजबूत जीडीपी ग्रोथ ने बढ़ाया देश का भरोसा

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स देशों द्वारा हस्ताक्षरित नई दिल्ली घोषणापत्र की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह संयुक्त घोषणापत्र वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सेमिकॉन इंडिया 2026 में बोलते हुए, पीएम मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा हासिल की गई 7.8% जीडीपी वृद्धि का ज़िक्र किया और बताया कि यह वृद्धि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कैसे हासिल की गई है। मोदी ने कहा कि भारत की तिमाही ब्रुक्र रिपोर्ट सितंबर में ही जारी की गई थी और इस मुश्किल दौर में भी भारत ने 7.8 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसी दौरान, जापान



की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को अपग्रेड किया। ऐसा लगभग तीन दशक, यानी करीब 35 साल बाद हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ़ भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। दूसरी तरफ़, दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। दोस्तों, इस भरोसे की एक और बड़ी मिसाल तीन दिन पहले हुए ब्रिक्स समिट में देखने को मिली। भारत ने इस समिट की सफल मेज़बानी की, और सबकी सहमति से श्नई दिल्ली घोषणापत्रश् को अपनाना, दुनिया के भारत पर भरोसे का एक और बड़ा सबूत है। भारत ने 12–13 सितंबर को नई दिल्ली में लचीलेपन, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी के लिए निर्माण (Building for Resilience] Innovation) Cooperation and Sustainability) थीम के तहत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा समेत दुनिया के कई नेता शामिल हुए। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए 1 लाख इंजीनियरिंग छात्रों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा है, और हम उनमें से 70,000 से ज़्यादा को ट्रेनिंग दे भी चुके हैं... मैं युवाओं से अपील करता हूँकिचाहे वे भारत में रिसर्च कर रहे हों या विदेश मेंकृकि वे आगे आएँ और यहाँ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के विकास में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इन चुनौतियों के बीच, दुनिया को नए और भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग हब की बहुत ज़रूरत है और मैं यह बात पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कह रहा हूँ। मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि भारत इस भूमिका के लिए लगातार खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब हमारे जैसा कोई देश किसी अहम इंडस्ट्री में कामयाब होता है, तो इससे ग्लोबल सप्लाई चेन मज़बूत होती हैकृक्ष बात ऐसे समय में और भी अहम हो गई है जब सप्लाई चेन का इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जा रहा है। हमें भारत में हो रहे इन बदलावों को इसी व्यापक नज़रिए से देखना चाहिए।

# पेंशन क्यों बंद हुई? तुरंत चालू करो

### जनता दर्शन में दिव्यांग की बात सुन अधिकारियों पर बिफरे योगी



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 150 लोगों से मिले जहां इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने लोगों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग–अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किए। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में देवरिया जनपद से आए एक दिव्यांग ने इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। दिव्यांग से बातचीत में जैसे ही सीएम को उसका आयुष्मान कार्ड न होने की जानकारी हुई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए। उन्होंने उससे दिव्यांग पेंशन के बारे में भी पूछा तो पता चला कि पेंशन मिलती थी, लेकिन किंचित कारणों से अभी बंद है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से उक्त दिव्यांग की पेंशन बहाल कराने के लिए निर्देशित किया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर एमपी के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने रीवा में किया रक्तदान

रीवा,एजेंसी। मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रीवा में आयोजित एक स्वैच्छिक शिविर में रक्तदान किया और स्वस्थ व पात्र नागरिकों से इस कार्य में शामिल होने का आग्रह किया। मोदी के सार्वजनिक सेवा में 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा शुरू किए गए एक महीने के राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के तहत यहां के कृष्ण राज कपूर सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। शुक्ला ने रक्तदान करके अभियान का उद्घाटन किया। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देश भर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, रक्तदान एक महान कार्य है और मानवता की सेवा करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। दुर्घटनाओं में घायल लोगों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। उन्होंने स्वस्थ और पात्र नागरिकों से रक्तदान करने और जरूरतमंदों का जीवन बचाने में योगदान देने का आग्रह किया। शुक्ला ने कहा कि 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ लोग जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे चिकित्सा जांच के बाद रक्तदान कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान के बाद उन्हें आंतरिक खुशी महसूस हुई और उन्होंने नागरिकों से इस सेवा पहल में भाग लेने का आग्रह किया। शिविर में रीवा के संभागीय आयुक्त शैलेंद्र सिंह, अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी रक्तदान किया। अधिकारियों ने बताया कि पात्र और इच्छुक नागरिक रीवा जिले के मंगवां, जावा, सिरमौर, सेमरिया, गंगेव और गोविंदगढ़ कस्बों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और त्योंथर के सिविल अस्पताल में आयोजित शिविरों में रक्तदान कर सकते हैं।

## मेरी डिग्री का क्या? कैंपेन लेकर आई यूथ कांग्रेस, खाली सरकारी पदों पर भर्ती की मांग

नई दिल्ली,एजेंसी। इंडियन यूथ कांग्रेस ने देशभर के सरकारी विभागों में खाली पड़े मंजूर पदों को लेकर 'मेरी डिग्री का क्या?' कैंपेन शुरू किया है। कैंपेन की शुरुआत दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ हुई, जहां एक वेबसाइट लॉन्च की




गई और आगे की गतिविधियों का रोडमैप भी बताया गया। यूथ कांग्रेस का कहना है कि देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है और बड़ी संख्या में सरकारी पद खाली होने के बावजूद उन पर भर्ती नहीं हो रही है। दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने दावा किया कि देशभर में 50,05,850 मंजूर सरकारी पद खाली हैं। उनके मुताबिक, इन पदों पर भर्ती होने से युवाओं को रोजगार मिलने के साथ स्कूलों और अस्पतालों जैसी सरकारी सेवाओं में भी सुधार हो सकता है। यूथ कांग्रेस का कहना है कि एक तरफ युवाओं के पास डिग्रियां हैं और वे नौकरी की तलाश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बड़ी संख्या में सरकारी पद खाली पड़े हैं। इसी सवाल को लेकर संगठन ने 'मेरी डिग्री का क्या?' अभियान शुरू किया है। यूथ कांग्रेस के मुताबिक, यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शुरू किया गया है। संगठन ने अपने बयान में प्रधानमंत्री और देश के युवाओं के बीच रोजगार के मुद्दे को लेकर तुलना की है। यूथ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की डिग्री और युवाओं की डिग्रियों को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

# जहां लोगों की सोच समाप्त होती है, वहीं मोदी जी का विजन शुरू होता है: राजनाथ

वाराणसी,एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान वडनगर और कर्मभूमि काशी को जोड़ने वाली बाइक यात्रा महज एक स्थान से दूसरे स्थान तक की यात्रा नहीं, बल्कि दो महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने वाली यात्रा है। श्री सिंह ने कहा, ष्एक ओर काशी है, जहां से मोदी जी के सार्वजनिक जीवन को नई ऊर्जा मिली और मां गंगा का आशीर्वाद मिला। दूसरी ओर वडनगर है, जहां उन्हें पूजनीय मां हीराबेन का आशीर्वाद मिला और संस्कारों की नींव प्राप्त हुई। यह मेरा अनुभव है कि जहां लोगों की सोच समाप्त होती है, वहीं मोदी जी का विजन शुरू होता है।ष् उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण वर्ष 2001 में गुजरात में आया विनाशकारी भूकंप है। उस कठिन समय में मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोदी ने जिम्मेदारी संभाली। लोगों को लग रहा था कि गुजरात इस मुसीबत से बाहर नहीं निकल पाएगा, लेकिन मोदी ने सभी को गलत



साबित करते हुए गुजरात के विकास को ष्टेस्ट मैच से वनडेष में बदलने का काम किया। उन्होंने गुजरात को विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाया और आज गुजरात एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक अच्छा नेता बेहतर सड़कें, बेहतर बुनियादी ढांचा और पुल बनवाता है, लेकिन महान नेता वह होता है जो लोगों को आत्मनिर्भर बनाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यही प्रयास है। मुद्रा योजना के माध्यम से छोटे कारोबारी अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं और स्किल इंडिया ने हुनर को रोजगार से जोड़ने का रास्ता बनाया है। उन्होंने कहा कि कभी कोई सोच भी नहीं सकता था कि देश के हर नागरिक तक बैंकिंग सुविधा पहुंचेगी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा, ष्जिंदगी लंबी ही नहीं, बड़ी भी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हम सभी उनकी लंबी आयु की कामना करते हैं। जहां तक जिंदगी के बड़े होने का सवाल है, प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व, नेतृत्व और कर्तृत्व इसे हासिल कर चुका है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर वडनगर और वाराणसी के बीच शुरू हुई 10 राज्यों की सेवा यात्रा

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वडनगर–वाराणसी सेवा यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मस्थान को उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जोड़ेगी और इस दौरान विभिन्न पड़ाव पर फिल्म दिखाने से लेकर कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मोदी के 76वें जन्मदिन पर वाराणसी में सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, चौधरी ने कहा कि यह यात्रा दोनों दिशाओं में होगी, जिसमें 500 प्रतिभागी वाराणसी से वडनगर तक गंगा जल लेकर जाएंगे और उतने ही लोग गुजरात से वाराणसी तक पवित्र जल लाएंगे। उन्होंने कहा,"आज हम प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर और उनकी कर्मभूमि वाराणसी को जोड़ने वाली अभूतपूर्व वडनगर–वाराणसी 'सेवा यात्रा' का शुभारंभ कर रहे हैं। यह यात्रा काशी से वडनगर और वडनगर से काशी तक 10 विभिन्न मार्गों के माध्यम से दोनों दिशाओं में चलेगी।"

## जयपुर, जोधपुर और कोटा में 25 सितंबर को होगा मेयर चुनाव

जयपुर,एजेंसी। राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित तीन प्रमुख शहरों में नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर का चुनाव 25 सितंबर को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को इसका कार्यक्रम जारी किया। इस बीच राजस्थान के चार नगर निकायों में जिन नौ वार्ड में पुनर्मतदान हुआ, उनमें से छह पर कांग्रेस एवं तीन में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। आज हुई मतगणना के साथ ही राज्य में सभी 10,244 वार्डों के परिणाम आ गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम जयपुर, जोधपुर एवं कोटा और नगर पालिका सुकेत (कोटा) में अध्यक्षीय एवं उपाध्यक्षीय पदों के चुनाव का अलग कार्यक्रम जारी किया है। यहां अध्यक्षीय पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 सितंबर से शुरू होगी और 19 सितंबर तक नाम दाखिल किए जा सकते है, जबकि 22 सितंबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर 25 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना भी होगी। इसी तरह इन चारों जगह उपाध्यक्षीय पदों के लिए चुनाव 26 सितंबर को होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में सात नगर निगम सहित 305 निकायों में महापौर, सभापति एवं अध्यक्ष पद के लिए आए नामांकन की आज जांच की जा रही है। कल तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। चुनाव 21 सितंबर को होंगे। उसके बाद 22 सितंबर को उपमहापौर, उपसभापति एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे। इस बीच, नौ वार्ड में पुनर्मतदान के परिणाम बृहस्पतिवार को आए। इन वार्ड के कुछ बूथ पर मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में तकनीकी खराबी आने के बाद पुनर्मतदान करवाया गया था। पुनर्मतदन के बाद जोधपुर नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी 45 पार्षद के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। हालांकि यहां निर्दलीय पार्षद महत्वपूर्ण भूमिका में रहेंगे। पुनर्मतदान में कांग्रेस ने जयपुर नगर निगम के सभी चार वार्ड जीते और कोटा नगर निगम एवं सुकेत नगरपालिका में भी एक–एक वार्ड जीता। वहीं भाजपा ने कोटा नगर निगम के तीन वार्ड में से दो और जोधपुर नगर निगम के एकमात्र शेष वार्ड में जीत दर्ज की।

## हमें मजबूर न करें..., रिलीफ कैंपों में हुई मौतों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर को लगाई फटकार

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मणिपुर के राहत कैंपों में कथित अप्राकृतिक मौतों और यौन उत्पीड़न के मामलों पर चिंता जताई।



राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने मणिपुर के मुख्य सचिव को सभी 25 संदिग्ध मौतों पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया, जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत के कारणों से जुड़े दस्तावेज शामिल हों। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच मणिपुर में 2023 की जातीय हिंसा से जुड़े यौन हिंसा के मामलों की जांच और कार्यवाही से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जम्मू–कश्मीर हाई कोर्ट की पूर्व चीफ जस्टिस गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कोर्ट ने राहत कैंपों में रह रहे विस्थापित लोगों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने मणिपुर के एडवोकेट जनरल से भी उस जानकारी के बारे में सवाल किया जो कमेटी ने 4 जुलाई को रिलीफ कैंपों में रह रहे विस्थापित लोगों की 25 अप्राकृतिक मौतों के संबंध में मांगी थी। सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार से कहा, ष्अपने मुख्य सचिव से कहें कि वे अदालत को आदेश जारी करने के लिए मजबूर न करें। हमें बताएं कि आपने क्या कदम उठाए हैं।

# सीएम मोहन यादव पर बरसे राहुल गांधी, बालाघाट में बच्चों की मौतों पर उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली,एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 17 सितंबर को बालाघाट में 30 से ज़्यादा आदिवासी बच्चों की मौत की खबरों के बाद मध्य प्रदेश सरकार की आलोचना की। उन्होंने इन मौतों के लिए राज्य में बीमारी, कुपोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और साफ़ पानी न मिल पाने को ज़िम्मेदार ठहराया। एक्स पर एक पोस्ट में, गांधी ने राज्य सरकार की धीमी प्रतिक्रिया और असंवेदनशीलता की निंदा करते हुए कहा कि बालाघाट में बीमारी, कुपोषण और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण 30 से ज़्यादा आदिवासी बच्चों की मौत हो गई है। संवेदनहीनता का आलम यह है कि मासूम जानें जाती रहीं, फिर भी प्रतिक्रिया धीमी रही और सरकार सोती रही। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहा कि मुख्यमंत्री जी, अगर आपको



दीये जलाने और त्योहार मनाने के बाद समय मिले, तो ज़रा राज्य की ज़मीनी हक़ीक़त पर भी नज़र डालिए। गांधी ने सरकार पर चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था, बीमारियों को रोकने में नाकामी, कुपोषण, और मिलावटी दवाओं व अवैध शराब जैसी समस्याओं का आरोप भी लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मध्य प्रदेश भर में छात्रों, युवाओं और आम जनता से फ़ीडबैक लेने के लिए इंदौर जा रहे हैं। उन्होंने राज्य की शिक्षा व्यवस्था की भी आलोचना करते हुए कहा कि सामने आ रही भयावह घटनाएं यह दिखाती हैं कि मध्य प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था आज पूरे देश में सबसे ज़्यादा बर्बाद हो चुकी है। गांधी ने कहा कि छात्र, बच्चे, गरीब लोग, दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और महिलाएं समेत कई समूह परेशान हैं। उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ग को सताया जा रहा है; कोई भी खुश नहीं है।ष् उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार आज भारत की सबसे भ्रष्ट और सबसे अक्षम सरकार हैकृयही सच है। अधिकारी बालाघाट के बिरसा ब्लॉक में आदिवासी इलाकों से बुखार, रैश और मौतों की खबरों पर कार्रवाई कर रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारी प्रभावित और आस–पास के इलाकों में निगरानी, घ्मेडिकल स्क्रीनिंग, टेस्टिंग, इलाज और टीकाकरण अभियान चला रहे हैं। उठाए गए कदमों में मोबाइल मेडिकल यूनिट की तैनाती, अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाओं रेफरल की व्यवस्था और बीमारी फैलने पर टीकाकरण शामिल है। मौतों की जांच में कई मेडिकल कारण सामने आए हैं, जैसे खसरा, खसरा–मलेरिया का एक साथ संक्रमण, सांस लेने में तकलीफ, डिहाइड्रेशन, कुपोषण, एनीमिया और शॉक। अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त सबूत के बिना इन मौतों के लिए किसी एक पैथोजन (बीमारी फैलाने वाले जीव) को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की शपथ!

हमारे समाज में भ्रष्टाचार का वायरस व्यवस्था की रगों में किस कदर घर कर चुका है उसकी बानगी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों की हरकत से उजागर हुई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल होता दिखा, जिसमें पार्षद राउंड टेबल के चारों ओर खड़े होकर शपथ लेते नजर आए कि वे भ्रष्टाचार की कमाई के बंटवारे में ईमानदारी दिखाएंगे। इस घटना के बाद खासा बवाल मचा कि कैसे भ्रष्टाचार की कमाई के लिए भी बाकायदा सिंडिकेट रूप में काम किया जा रहा है। यह वाकया हमारे समाज में व्यवस्था की सड़न को तो दर्शाता ही है, साथ ही भ्रष्टाचारियों के दुस्साहस को भी सामने लाता है। यह घटना हमारी लोकतंत्र की छोटी इकाई में चुने गए नुमाइंदों के चरित्र, सोच और इरादों को तो दर्शाती है, समाज में जीवन मूल्यों के पराभव के बिंब भी उकेरती है। समाज को यह भी संदेश देती है कि हम छोटे–छोटे लालचों के लिये कैसे पार्षद चुनते हैं। जाति, धर्म व क्षेत्र तथा संकुचित आकांक्षाओं के लिये घटिया प्रतिनिधियों को स्थानीय निकायों में अपने हितों पर कुठाराघात के लिये चुनते हैं। यह तो भविष्य बताएगा कि आने वाले समय में इन पार्षदों के खिलाफ पार्टी विशेष की तरफ से क्या कार्रवाई होती है, लेकिन यह घटना भारतीय समाज में घर करते भ्रष्टाचार की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को जरूर उजागर कर गयी। जब देश आजाद हुआ तो राजस्थान में एक विधायक ऐसा चुना गया, जिसके पास जयपुर जाकर शपथग्रहण में शामिल होने का बस किराया भी नहीं था। बाद में लोगों ने चंदा एकत्र करके उस विधायक को जयपुर भेजा था। आज हमारी जनप्रतिनिधि संस्थाओं में सैकड़ों करोड़पति–अरबपति जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति समाज में आर्थिक विषमता की तसवीर उकेरती है। गाहे–बगाहे सामने आने वाले आंकड़े बताते हैं कि विधायक व सांसद बनने के बाद उनकी आय दिन दोगुनी–रात चौगुनी गति से बढ़ती है। अगले चुनाव में वे अपनी संपत्ति का जो दिखाई दे सकने वाला ब्योरा जारी करते हैं, उसमें यह समृद्धि स्पष्ट नजर आती है। निस्संदेह हम जानते हैं कि हमारी व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। तमाम अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भ्रष्टाचार की वैश्विक सूची में हमारी स्थिति शर्मसार करने वाली है। लेकिन भ्रष्टाचार को लेकर हमारी उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकारों के स्तर पर भी और समाज के भी। बहरहाल, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर की नगर परिषद के पार्षदों द्वारा हाथ में जल लेकर ऊपरी कमाई को ईमानदारी से बांटने की खबर परेशान करती है। यह घटना सवाल उठाती है कि नगर निगमों की जो बदहाली है उसके मूल में क्या यह निगम की आय की बंदरबांट ही है? सवाल यह भी है कि जिस दल के ये पार्षद हैं उसने क्या ऊपरी कमाई के लिए शपथ मामले में कोई कार्रवाई की? प्रश्न यह भी कि जिला प्रशासन ने इस मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? जैसे कि अक्सर ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ लीपापोती ही होती है, इस मामले में भी ऐसा हुआ है। शीर्ष अधिकारी की दलील थी कि इस संदर्भ में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। क्या समाज हित में स्वतरू संज्ञान लेते हुए कार्रवाई नहीं की जा सकती? प्रश्न यह भी कि क्या कोई विपक्षी दल का नेता अपने राजनीतिक नफा–नुकसान के लिए मामला दर्ज कराएगा तभी ऐसे मामले में कार्रवाई होगी? बड़ा सवाल इस मामले में समाज की उदासीनता का भी है? यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि समाज में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार ऐसे लोगों के साथ अन्याय होता है जिनका इसमें कोई कसूर नहीं होता। लेकिन उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। यह भी कि व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ तब आवाज उठाता है जब वह पीड़ित होता है। अन्यथा वह इसे नजरअंदाज कर देता है। बल्कि बहुत सारे लोग इसे सुविधा शुल्क के रूप में स्थापित करने की कुत्सित कोशिश भी करते हैं। जब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिरोध के सुर प्रबल नहीं होते हमारे समाज में यह संकट बना रहेगा।

# झूठे आंकड़ों की गूंज!

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि– दुनिया, युद्ध–संकट, सप्लाई चेन में बाधा और कोविड के बाद की आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने मुल्क की जनता को विदेश यात्रा न करने और सोना न खरीदने की फिर से नसीहत दी।*

शिवेश गर्ग

अर्थव्यवस्था के दूसरे सभी मापदंड सरकार की ओर से बताए गए जीडीपी के इस दर की गवाही नहीं दे रहे हैं। अगर रोजगार और निवेश जैसे दो अहम मापदंडों की बात करें तो जब अर्थव्यवस्था इतनी तेज गति से आगे बढ़ रही है तो मुल्क में गुणवत्ता वाली अच्छी नौकरियां क्यों नहीं पैदा हो रही है। मुल्क में बेरोजगारी की दर आज चरम पर है। और न ही विदेशी और निजी निवेश में कोई बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। तो क्या यह महज संयोग की बात है मोदी सरकार जो भी आंकड़े लेकर आ रही है वह सवालों के घेरे में आ जा रहा है। चंदा चोरी और कॉकरोच आंदोलन के बरअक्स लगातार फजीहत झेलने के बाद अभी चार दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंखें चमका–चमका कर भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े जीडीपी के आंकड़े मुल्क को ऐसे बतला रहे थे गोया उन्हें कोई जादुई चिराग हाथ लग गया हो। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही यानी अप्रैल–जून में भारत की जीडीपी बढ़ोतरी दर 7.8 प्रतिशत रही। यों तो चींटी जैसे छोटे प्राणी को छोड़कर तिनका कभी किसी डूबते के लिए सहारा नहीं बन सकता। मगर प्रधानमंत्री इस आंकड़े को लेकर जिस अंदाज में इंस्टाग्राम वीडियो जारी कर जब मुल्क को संबोधित कर रहे थे तब तो ऐसा ही लगा जैसे किसी डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि– दुनिया, युद्ध–संकट, सप्लाई चेन में बाधा और कोविड के बाद की आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने मुल्क की जनता को विदेश यात्रा न करने और सोना खरीदने की फिर से नसीहत दी। इस मौके पर भी वे गांधी परिवार और खासतौर से राहुल गांधी को लेकर अपनी परंपरागत कुंठा को छिपा नहीं सके। उन्होंने निराशा फैलाने वालों और झूठ की गूंज जैसे जुमलों को इस्तेमाल किया जो सीधे तौर पर कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की ओर इशारा था। वैसे, प्रधानमंत्री का इंस्टाग्राम वाला यह बयान इस मायने में भी विरोधाभासी है कि अगर मुल्क इस रफ्तार से तरक्की कर रहा है, तो आखिर मुल्क की जनता को विदेश भ्रमण न करने और सोना न खरीदने की नसीहत क्यों दी जा रही है। जाहिर है जीडीपी को लेकर सरकार की ओर से जो ताजा आंकड़े पेश किए गए हैं, वे झूठे हैं। इन झूठे आंकड़ों पर सबसे वाजिब सवाल उठाया है पूर्व वित्त सचिव सुभाष गर्ग ने। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए पहले जीडीपी करीब 86.05 लाख करोड़ बतायी गई थी, लेकिन नए वित्त–वर्ष की उसी तिमाही का यह आंकड़ा घटकर तकरीबन 80 लाख करोड़ रह गया है यानि करीब 6 लाख करोड़ से ज्याद का ही अंतर है। सुभाष गर्ग के मुताबिक यह आंकड़ा असल में 2.6 प्रतिशत का है। उनका मौलिक सवाल है कि पिछले साल के आंकड़ों में इतना बड़ा संशोधन क्यों हुआ और इसका मौजूदा बढ़ोतरी दर पर क्या असर पड़ा? एक पुरानी कहावत है कि झूठ तीन प्रकार के होते हैं– झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े। असल में यह बाजीगरी जीडीपी के गणना के तरीके के साथ की गयी है। सवाल है कि जिस तरीके से सरकार ने जीडीपी की गणना की है क्या वह मुल्क की सभी आर्थिक गतिविधियों को समाहित कर पाया है? अर्थव्यवस्था के दूसरे सभी मापदंड सरकार की ओर से बताए गए जीडीपी के इस दर की गवाही नहीं दे रहे हैं। अगर रोजगार और निवेश जैसे दो अहम मापदंडों की बात करें तो जब अर्थव्यवस्था इतनी तेज गति से आगे बढ़ रही है तो मुल्क में गुणवत्ता वाली अच्छी नौकरियां क्यों नहीं पैदा हो रही है। मुल्क में बेरोजगारी की दर आज चरम पर है। और न ही विदेशी और निजी निवेश में कोई बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। असंगठित क्षेत्र तकरीबन बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है। मोदी सरकार की ओर से असंगठित क्षेत्र को दिए गए नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना महामारी जैसे तमाम झटकों के बावजूद आज भी मुल्क मे तकरीबन 85 फीसदी से अधिक रोजगार असंगठित क्षेत्र ही पैदा करता है। जानकारों का मानना है कि जब अर्थव्यवस्था को लगातार इस तरह के गैरवाजिब झटकों का समाना करना पड़ा हो, संगठित क्षेत्र के संकेतकों के आधार पर असंगठित क्षेत्र की गतिविधियों का अनुमान करना आंकड़ों की बाजीगरी ही है। बहरहाल, दूसरी ओर जिस चीज में तेजी से बढ़ोतरी हुई है वह आवश्यक वस्तुओं की महंगाई है। बीते दिनों में दूध, चीनी, प्याज और अंडे की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। चीन 56 रुपये के बढ़कर 62 रुपये तक आ गई है। दूध की कीमत अब 93 रुपये से बढ़कर 102 रुपये पहुंच गई है। बीत दिनों में जिन आवश्यक चीजों में बढ़ोतरी हुई है अगर यहां सबका जिक्र किया जाने लगे तो काफी कागद करने पड़ेंगे। मुद्दे की बात है कि मुल्क में जनता तबाह और परेशान है। बनारस में विकास बता रहा है कि वह और उसका घर डूब रहा है और मुल्क के प्रधानमंत्री बतला रहे हैं कि चारों ओर खुशियां ही खुशियां ही फैल रही है। कहीं प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के खुशियों की तो बात नहीं कर रहे हैं। फिलहाल तो सरकार की ओर से जीडीपी से जुड़े आंकड़ों की जो गूंज पैदा की गई है– वह झूठे हैं।

# नया तेल संकट ज्यादा दूर नहीं

अरविन्द मोहन

यह कहना तो सरासर गलत होगा कि नई दिल्ली में हुए ब्रिक्स सम्मेलन और उसमें जुटे दिग्गजों को दुनिया की खबर न होगी और यमन के हुती विद्रोहियों की जीत का पता न होगा। या फिर खाड़ी में फिर से जंग की स्थिति और सऊदी तेल ठिकानों पर बमबारी से कीमतों में उछाल का पता न होगा। दुनिया की खबर में तो ईरान, रूस और चीन ही नहीं सऊदी अरब भी बड़ा साझीदार हैं और दिल्ली सम्मेलन ने दूसरे देश पर हमला जैसे भारी विवादास्पद मामले में ईरान और सऊदी अरब के बीच एक घोषणापत्र पर सहमति बनाकर दुनिया को चौंकाया भी। ईरान और सऊदी अरब सचमुच दुश्मन की तरह लड़ रहे हैं और अगर वे शांति की घोषणा के पक्ष में आते हैं तो यह ब्रिक्स की बड़ी सफलता थी। लेकिन दिल्ली की बैठक शुरू होने के पहले ही ईरान और अमेरिका फिर से उलझ कर पश्चिम एशिया के संकट के साथ तेल की कीमतों में नई आग लगा चुके थे। होर्मुज एक बार फिर तेलवाहक जहाजों के लिए संकट का मार्ग बन गया है और वहां आ जा रहे जहाजों के साथ ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात समेत खाड़ी के अनेक निशाने बमबारी का ठिकाना बने। इसमें अमेरिका अगुआ रहा जबकि उसके जहाजों को भी निशाना बनाए जाने की खबर आई। और हम लोग अतिथियों के सत्कार और सुरक्षा के लिए शानदार आयोजन में लगे रहे तब तक दुनिया में कच्चे तेल की कीमत करीब बीस फीसदी ऊपर पहुंच गई। अब सरकारी आयोजन से और तैयारियों को हम किस मुंह से गलत बताएंगे लेकिन जिस तरह से हमारी मीडिया भी पश्चिम एशिया के इस विवाद के बढ़ने के साथ तेल की कीमतों वाले सवाल को भूली हुई थी वह हैरान करने वाला है। जबकि यह भी हुआ कि इस संकट की परछाई हमारे शेयर बाजारों और अर्थव्यवस्था के अन्य पक्षों पर पड़ी और उससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लग जाता है। हम यह तो बताते रहे कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की कितनी आबादी है और दुनिया के जीडीपी में उनका हिस्सा कितना है। हम यह भी बताते रहे कि अमेरिका और यूरोप ही नहीं हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में इस आयोजन और इसकी सफलता को लेकर जितना जलन है। अमेरिकी राष्ट्रपति नए सचमुच में ऐसे बयान दिए भी। उनके इन बयानों और ईरान पर हमले के पीछे उनकी अपनी नीति भी है और एक किस्म की अनिवार्यता भी। लेकिन हुती विद्रोहियों ने इसी बीच जिस आसानी से बाब एल मांदेब द्वीप समेत कई नए द्वीपों और इलाकों पर अपना कब्जा जमा लिया वह दुनिया में तेल की आपूर्ति के रास्ते में नई बाधा बनकर सामने आया। और कोढ़ में खाज की तरह ट्रम्प का यह बयान भी इसी के साथ आ गया कि अमेरिका की हुती विद्रोहियों के साथ बातचीत हुई है और वे अमेरिका द्वारा कार्रवाई न करने की मांग कर रहे हैं। इस मांग पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। पिछली बार तीन साल पहले जब इन विद्रोहियों का इस द्वीप पर कब्जा हुआ था तो लाल सागर से तेल की आपूर्ति आधी रह गई और स्वेज नहर होकर आने वाला परिवहन भी प्रभावित हुआ। इस कब्जे के पहले रोज 93 लाख बैरल तेल वहां से गुजरता था जो घटकर 46 लाख बैरल रह गया। इस बार उनकी जीत ज्यादा बड़े इलाके में हुई है और माना जा रहा है कि वे तेल आपूर्ति वाले जहाजों को ज्यादा परेशान करेंगे, ज्यादा वसूली करेंगे। और अगर अमेरिका उनके खिलाफ कार्रवाई में चूका तो बाकी दुनिया के लिए खतरा बढ़ेगा। ट्रम्प की इस बात पर यकीन करने वाले कम लोग नहीं हैं क्योंकि होर्मुज और तेल के धंधे में नई दिलचस्पी लेने के बावजूद अमेरिका पहली बार सऊदी अरब समेत खादी के अपने मित्र देशों को ईरानी हमले के मामले में अकेला जैसा बना दिया है जबकि इन देशों से उसने सुरक्षा संधि कर रखी है। अभी पिछले नवंबर में ही ट्रम्प और सऊदी सुल्तान मोहम्मद बिन सलमान के बीच रक्षा समझौता हुआ था। असल में ट्रम्प अमेरिका में अपनी कमजोर राजनैतिक स्थिति के मद्देनजर ऐसी सारी गारंटियों को भूल रहे हैं क्योंकि अमेरिकी लोग बाहर सैन्य दखल का



नाम सुनते ही और भड़क जाते हैं। दूसरी ओर वे तेल की कमाई से अमेरिकी खजाना भरकर अपनी राजनीति चमकाना भी चाहते हैं। वेनेजुएला का तेल वे अपना मानकर बेच ही रहे हैं और होर्मुज पर नियंत्रण के माध्यम से वे मध्य पूर्व के तेल बाजार से मलाई खाना चाहते हैं। अब उनकी जो भी राजनैतिक और आर्थिक मजबूरियां हों दुनिया उनकी योजना से ही चले यह जरूरी नहीं है। दिल्ली में सऊदी अरब और ईरान का एक घोषणापत्र पर सहमत होना उनको पसंद नहीं आ सकता। इसी तरह मक्का संधि के जरिए सऊदी अरब ने अपनी सुरक्षा का वैकल्पिक रास्ता भी बनाया है। लेकिन अमेरिका अगर हुती विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई से हिचकता है या शांत बैठ जाता है तो दुनिया का तेल संकट और बढ़ेगा और अभी अगर कच्चा तेल 110 डालर प्रति बैरल पहुंचा है तो कल कहां तक जाएगा यह कहना मुश्किल है। अभी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद छिड़ी जंग के समय होर्मुज से आवाजाही बंद हुई या बहुत कम हो गई थी। उस पूरे ब्यौरे में जाने की जरूरत नहीं है लेकिन तब यह हुआ कि चीन ने तेल का आयात काफी कम कर दिया और तेल के जहाज होर्मुज की जगह लाल सागर से आने जाने लगे। कीमतें बढ़ीं लेकिन वैसी नहीं जितनी इस बार लगा रही हैं। इस बार का खतरा बड़ा होने की वजह सिर्फ हुती जमात की कारस्तानी नहीं है। उससे कच्चे तेल के साथ रिफाइंड तेल अर्थात डीजल और पेट्रोल की आवाजाही भी प्रभावित होगी। भारत जैसे देश नए पिछले संकट के समय चुप्पी सी साधी और रूस से काफी कच्चा तेल लाकर रिफायनिंग करके निर्यात किया और अच्छी कमाई करके अर्थव्यवस्था को अच्छी स्थिति में कर लिया। इस बार रिफाइन्ड तेल की आवाजाही रुकेगी या प्रभावित होगी तो भारत समेत काफी देश तो प्रभावित होंगे ही डीजल–पेट्रोल के ग्राहक पिट जाएंगे। अमेरिका में अभी ही जिस रफ्तार में डीजल की कीमतें साल भर में दो गुना तक हो गई हैं उससे साफ है कि वहां ज्यादा कोहराम होगा। दूसरे यूक्रेन–रूस लड़ाई में, जिसका ब्रिक्स घोषणापत्र में जिक्र भी नहीं हुआ, रूस की तेल उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है। उनकी रिफायनिंग क्षमता तो नष्ट हुई ही है तेल निकालना भी कम हुआ है। ऐसे में अगर मौजूदा संकट के प्रति ब्रिक समेत दुनिया के सभी सक्रिय राष्ट्र समूह पहल नहीं करेंगे तो तेल का नया वैश्विक संकट आएगा ही।

# डॉ.बुशरा बानो के साथ खड़े रहने का वक्त

प.बंगाल की आईपीएस अधिकारी डॉ. बुशरा बानो प. मेदिनीपुर के खड़गपुर में एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के तौर पर काम कर रही थीं। अब उनका तबादला कर दिया गया है। उन्हें स्टेट आर्म्ड पुलिस की चौथी बटालियन का डिप्टी कमांडेंट नियुक्त किया गया है। सरकारी–प्रशासनिक सेवाओं में तबादले आम बात है, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन डॉ.बुशरा बानो का तबादला महज सरकारी प्रक्रिया नहीं है, यह एक मुसलमान महिला अधिकारी के प्रति सरकार की नफरत का निस्संकोच इजहार है। विपक्ष जब कहता है कि संविधान खतरे में है, राहुल गांधी जब कहते हैं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वे निकले हैं, तो ये सब महज बयानबाजी नहीं है, इसके गहरे निहितार्थ हैं। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया है। समानता का मतलब यह कि किसी भी नागरिक के साथ धर्म, जाति, भाषा, लिंग, आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। सत्ता पर बैठे लोगों से सबसे पहले उम्मीद की जाती है कि वे संविधान की गरिमा को हर हाल में बनाए रखेंगे, ताकि जनता भी उनसे प्रेरणा लेकर संविधान के अनुकूल व्यवहार करे। अगर ऐसा होने लगे तो देश को सही अर्थों में खुशहाल बनने में जरा वक्त नहीं लगेगा। लेकिन भाजपा की प्राथमिकता में देश की खुशहाली कहीं नजर नहीं आती। उसे केवल हिंदुत्व का आतंक कायम करना है, ताकि नफरत के दम पर उसकी सत्ता बची रहे। बुशरा बानो प्रकरण इसी आतंक की एक बानगी है।

दरअसल बुशरा बानो ने एक निजी वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने यूपीएससी की तैयारी करने वालों का हौसला बढ़ाया। 13 सितंबर के वीडियो में, 2021 बैच की आईपीएस अधिकारी बुशरा बानो ने बताया कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी (आरसीए) ने उन्हें यूपीएससी की तैयारी में मदद की। उन्होंने कहा कि वे खुद से यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं, लेकिन आरसीए ने जो पाठ्य सामग्री, परीक्षा के पर्चे आदि उपलब्ध करवाए, उससे उन्हें मदद मिली। उन्होंने यूपीएससी देने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे भी आरसीए की सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने वतन की खिदमत करें। इस वीडियो में बुशरा बानो ने वंदे मातरम या जय हिंद नहीं कहा, लेकिन शुरुआत उन्होंने अस्सलामुअलैकुम से की, बीच में कहीं इंशाअल्लाह कहा और आखिर में जजाकल्लाह कहा। पाठकों जानते हैं कि नमस्कार, सतश्रीअकाल, हैलो, जय सियाराम, जय जिनेन्द्र की तरह अस्सलामुअलैकुम अभिवादन का एक तरीका है, इसका मतलब होता है आप सलामत रहें। इंशाअल्लाह का मतलब है भगवान की मर्जी हुई तोश यानी होइहि सोइ जो राम रचि राखा और जजाकल्लाह का मतलब है अल्लाह आपको (इसका) अच्छा इनाम दे यानी जुग जुग जियो, भगवान तुम्हारा भला करे, रब राखा जैसा सद्वचन। अस्सलामुअलैकुम, इंशाअल्लाह और जजाकल्लाह में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है। लेकिन दूसरे धर्मों खासकर इस्लाम से घृणा करने वाले चंद कट्टर हिंदुओं ने उर्दू, फारसी, अरबी भाषा को भी शायद गैरकानूनी मानना शुरु कर दिया है, इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एक हैंडल हिंदू लीगल फंड ने इस वीडियो की शिकायत बंगाल के गृह सचिव से। उसने आरोप लगाया कि डॉ.बुशरा बानो ने अपनी बात की शुरुआत अस्सलाम–अलैकुम से की, इंशाल्लाह कहा, जजाकल्लाह पर बात खत्म की। उन्होंने वंदे मातरम या जय हिंद का इस्तेमाल नहीं किया। इस हैंडल के मुताबिक भारतीय राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एक कार्यरत अधिकारी को निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए और सार्वजनिक बातचीत में राष्ट्रीय शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके बाद इस वीडियो को सुदर्शन टीवी ने दिखाया और फिर वही नफरती बातें की और कुछ ही वक्त में डॉ.बानो का तबादला हो गया। मतलब प.बंगाल की सुवेन्दु अधिकारी की भाजपा सरकार ने संविधान पर चलने की जगह कट्टरपंथी हिंदुओं की बातों को मान कर फैसला लिया। डॉ.बानो की शिकायत करने वालों का कहना है कि भारतीय राज्य के अधिकारी को निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए। तो फिर प्रधानमंत्री ने जब मंत्रोच्चार के बीच सेंगोल के साथ संसद के नए भवन में प्रवेश किया था, राम मंदिर का शिलान्यास किया था, उसकी प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया था, जब अनगिनत मंचों से प्रधानमंत्री, गृहमंत्री जय श्रीराम कहते हैं, जब रक्षा मंत्री रफाएल विमानों पर नींबू–मिर्ची बांधते हैं, कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री कांवड़ियों के पैर छूने, उन पर फूल बरसाने का काम करते हैं, अपने पुलिस अधिकारियों को कांवड़ियों की सेवा में लगाते हैं, धार्मिक शोभायात्राओं में पुलिस अधिकारी कलावा बांध कर हिस्सा लेते हैं, कई बार पद ग्रहण करते वक्त पूजा पाठ करवाते हैं, तब क्या ये सब निष्पक्षता का परिचय देते हैं। ऐसी घटनाओं की सूची इतनी लंबी बन जाएगी कि जिससे पूरी पृथ्वी नापी जा सकेगी। लेकिन कभी किसी हिंदू हैंडल ने हिंदुत्व के भौंडे प्रदर्शन पर सरकार से शिकायत की हो, याद नहीं पड़ता। लेकिन डॉ. बुशरा बानो का मुसलमान होना ही ऐसी दंडात्मक कार्रवाई के लिए पर्याप्त है। अगर बुशरा की जगह कोई हिंदू नाम होता, तो अब तक मोदी सरकार, भाजपा, संघ उनका सम्मान कर रहे होते, उनके जीवन को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते। वैसे जिन्हें धर्म से फर्क नहीं पड़ता, उनके लिए बता दें कि कन्नौज के सौरिख गांव में जन्मीं बुशरा बानो ने महज 20 साल में एमबीए किया, फिर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी की, साथ ही नेट और जेआरएफ भी क्वालिफाई कर दिया। शादी के बाद वे अपनी पति के साथ सऊदी अरब चली गईं। वहां बतौर प्रोफेसर काम किया, लेकिन उनका मन अपने देश हिंदुस्तान में काम करने का था, तो वहां लौटीं और फिर साल 2018 में यूपीएससी की परीक्षा पास की थी। इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के लिए उनका चयन हुआ, मगर उस समय दूसरे बच्चे से गर्भवती थी, इस वजह से वो सेवा में शामिल नहीं हो सकीं, बाद में उन्होंने 2019 में फिर से परीक्षा दी और ऑल इंडिया 234 रैंक हासिल की।

## मंत्री नंदी ने कार्यकर्ताओं को दिखाई 'हनुमान अंश' फिल्म

**सिविल लाइंस स्थित पीवीआर में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों ने देखी फिल्म**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित पीवीआर में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं



एवं समाजसेवियों को फिल्म 'हनुमान अंश' दिखाई। फिल्म देखने के बाद उपस्थित लोगों ने इसकी सराहना की और मंत्री नंदी के प्रति आभार जताया। मंत्री नंदी ने फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं कलाकारों को धार्मिक विषय पर फिल्म निर्माण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सनातन परंपराओं से जुड़े विषयों पर बनने वाली फिल्मों से लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने–समझने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर महानगर भाजपा महामंत्री डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों को फिल्म दिखाने की पहल सराहनीय है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों की मौजूदगी रही।

## उच्च शिक्षा निदेशालय ने सेवा संकल्प अभियान में जलाये 500 दिए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत आज से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराये जाने का



निर्णय लिया गया है, जिसके कम में उच्च शिक्षा निदेशालय उ०, प्रयागराज में मुख्य भवन के सम्मुख आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत सायं सात बजे से 500 दीपक निदेशक उच्च शिक्षा डॉ मोनिका सिंह के संरक्षण में प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ मोनिका सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ शशि कपूर, सहायक शिक्षा निदेशक डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ विष्णु मिश्रा, डॉ अवनीश कुमार गौतम, सांख्यिकी शोध अधिकारी–डॉ० पंकज सिंह, डॉ० विपिन कुमार, शिक्षा निदेशालय मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री आशीष कुमार, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र कुमार सिंह एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोदी जी का बज रहा डंका , उन्होंने जलाई विपक्ष की लंका : पवन श्रीवास्तव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। देश के प्रधानमंत्री, नए भारत के शिल्पी नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन को कटघर स्थित समिया माता मंदिर में



बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी भारत के पहले नेता हैं जो लगातार 25 वर्ष से राज्य एवं देश के मुखिया के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने देश और समाज के लिए बिना रुके और थके अपना हर पल राष्ट्र को समर्पित किया है। कहा कि मोदी जी के नाम का बज रहा है डंका, राष्ट्र ही नहीं पूरे विश्व के विरोधियों की उन्होंने जलाई है लंका। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद रूपी दीया जलाया और मिठाई खिलाकर शतायु एवं स्वस्थ्य रहने की बधाई देते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद नीरज गुप्ता, विनोद सोनकर, भारत केशरी, विष्णु तिवारी, गोपाल केशरवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डेढ़ माह से रची जा रही थी हत्या की साजिश, वारदात से एक दिन पहले मिले चारों आरोपी

प्रयागराज। पवन की हत्या में कई और भी अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि डेढ़ माह से चल रही पवन की हत्या की योजना की साजिश को अंजाम देने के लिए वारदात से एक दिन पहले चारों आरोपी विनोद यादव, जितेंद्र उर्फ लल्ला यादव, निहाल अहमद और बृजेश यादव गांव के बाहर एक स्थान पर मिले थे। पवन की हत्या में कई और भी अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि डेढ़ माह से चल रही पवन की हत्या की योजना की साजिश को अंजाम देने के लिए वारदात से एक दिन पहले चारों आरोपी विनोद यादव, जितेंद्र उर्फ लल्ला यादव, निहाल अहमद और बृजेश यादव गांव के बाहर एक स्थान पर मिले थे। यहां चारों के बीच पवन की हत्या को लेकर बातचीत हुई और अगले दिन वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई गई।

# संविलियन विद्यालय राजापुर में रोटरी क्लब ने भेंट किया स्मार्ट टीवी

**बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से बच्चों को मिलेगी ऑडियो-विजुअल शिक्षा**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्राथमिक शिक्षा में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद मिड टाउन ने बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त सहयोग से संविलियन विद्यालय राजापुर, नगर क्षेत्र प्रयागराज को स्मार्ट टीवी भेंट किया। इससे विद्यालय के बच्चों को ऑडियो–विजुअल माध्यम से पढ़ाई करने में सुविधा मिलेगी और कठिन विषयों को आसानी से समझने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन रितु कमल और सचिव रोटेरियन शेफाली अग्रवाल मौजूद रहीं।





रितु कमल ने कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सकेगा। शेफाली अग्रवाल ने बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि क्लब शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में आगे भी जनहित के कार्य करता रहेगा।

स्मार्ट टीवी विद्यालय की शिक्षिका एवं रोटेरियन अनुरागिनी सिंह की पहल और आवश्यकता बताए जाने पर कक्षा के लिए उपलब्ध कराया गया। विद्यालय परिवार ने रोटरी क्लब और बैंक ऑफ बड़ौदा की पहल की सराहना की।

इस अवसर पर रोटेरियन विकास अग्रवाल, अंकिता माहेश्वरी, पंकज जैन, उमंग अग्रवाल और अनुरागिनी सिंह सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी, रोटरी क्लब के सदस्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया गया।

# 48 स्पेशल एजुकेटर्स बनेंगे मास्टर ट्रेनर, 1,415 स्कूलों के शिक्षकों को देंगे प्रशिक्षण

**दिव्यांग बच्चों की पहचान से लेकर समावेशी कक्षा और प्रभावी शिक्षण तकनीक का दिया जाएगा प्रशिक्षण**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 17 सितंबर। समग्र शिक्षा के तहत समेकित शिक्षा के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को मजबूत करने के लिए तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को राज्य शिक्षा संस्थान, एलनगंज में शुरू हुआ। प्रशिक्षण 17 से 19 सितंबर तक चलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य शिक्षा संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र प्रताप और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने किया। प्रशिक्षण में जिले के 48 स्पेशल एजुकेटर्स को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद ये मास्टर ट्रेनर विकासखंड स्तर पर 1,415 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण देंगे।

प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनकी विशेष शैक्षिक जरूरतों, समावेशी कक्षा–कक्ष, प्रभावी शिक्षण तकनीक, सहायक उपकरणों के उपयोग तथा विद्यालयी गतिविधियों में दिव्यांग बच्चों की सक्रिय भागीदारी जैसे विषयों पर व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है। विशेष मास्टर ट्रेनर डॉ. पूनम सिंह, डॉ. केपी सिंह और डॉ. रेनू जायसवाल





के साथ राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर ज्ञानेश्वर और विवेक कुमार प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन बीएसए अनिल कुमार के निर्देशन में तथा संचालन जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पाण्डेय कर रहे हैं।

# सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रक्तदान शिविर, आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल लाइंस स्थित विनायक मॉल में केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने केक काटा। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की ओर से पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को हनुमान अंश फिल्म दिखाने का प्रबंध पीवीआर में किया गया। भाजपा प्रयागराज महानगर के सभी मंडलों व मंडलों के समस्त बूथों पर आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम आयोजित किया



गया। बालसन चौराहा, भरद्वाज आश्रम, दशाश्वमेध घाट, कोटेश्वर महादेव मंदिर, अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा स्थल, कलश चौराहा आदि प्रमुख स्थानों पर दिया जलाया गया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कहा कि अभियान को महज औपचारिक कार्यक्रम न बनाकर जनसेवा और सुशासन को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम बनाया जाए। इसमें युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के साथ विकसित भारत–2047 के संकल्प से नागरिकों को जोड़ा जाएगा। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, दीपक पटेल, अनिल केसरवानी, आनंद सोनकर, प्रमोद मोदी, अनुज कुशवाहा, डॉ शैलेश पांडेय, विजय श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, शुभम सिंह, पवन श्रीवास्तव, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चोरों ने घर में घुसकर नगदी और मोबाइल सहित लाखों के आभूषण किए पार

**घनी आबादी के बीच वारदात से मचा हड़कंप, पुलिस को दी चुनौतीय छह माह में तीन चोरियां होने से बढ़ी दहशत**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जारी, प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र की जारी चौकी से महज करीब 800 मीटर दूर जारी बाजार में बुधवार की देर रात चोरों ने एक घर में घुसकर नगदी, मोबाइल फोन और लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। घनी आबादी के बीच हुई चोरी की वारदात से



आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित के मुताबिक, चोर करीब पांच लाख रुपये कीमत के जेवरात और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। जारी बाजार में जवाहर इंटर कॉलेज के सामने रहने वाले श्याम बाबू पुत्र बृजपाल कुशवाहा के घर बुधवार की रात करीब ढाई बजे चोर छत के रास्ते दाखिल हुए। उस समय परिवार के लोग घर के आगे वाले कमरे में सो रहे थे। कमरे में कूलर और पंखा चल रहा था, जबकि लाइट बंद थी। चोर इसी कमरे से होते हुए मकान के पीछे की ओर स्थित कमरों तक पहुंच गए।पीड़ित के अनुसार, पीछे का कमरा खाली था। चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए घर के अलग–अलग स्थानों की तलाशी ली। इसके बाद पीछे के कमरे में रखी आलमारी का लॉक खोलकर उसमें रखे आभूषण और अन्य सामान निकाल लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर उसी रास्ते से फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि चोर दो हजार नगदी, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, एक चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली (सुई–धागा), दो मोबाइल फोन और एक स्मार्ट घड़ी ले गए। चोरी गए सामान की कीमत पीड़ित ने करीब पांच लाख रुपये बताई है। नगदी चोरी होने की भी जानकारी दी गई है। सुबह परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित की ओर से जारी चौकीध्थाने में तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने और सामान बरामद किए जाने की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। छह माह में तीन चोरियों से बढ़ी चिंता स्थानीय लोगों के मुताबिक, जारी बाजार में पिछले करीब छह माह के दौरान लगभग 100 मीटर के दायरे में चोरी की तीन घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि इन घटनाओं में पुलिस अब तक एक मामले का भी खुलासा कर सकी है। खास बात यह है कि पूर्व में हुई चोरियों और बुधवार रात हुई वारदात का समय भी लगभग एक जैसा बताया जा रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बाजार और आसपास के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि बाजार में रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने के साथ ही रात में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। घनी आबादी और जारी चौकी से कुछ ही दूरी पर हुई चोरी की इस वारदात ने क्षेत्र में रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## विश्वकर्मा पूजा का उत्सव बहुत ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जारी । दिन गुरुवार को विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार निर्माण और



तकनीक का देवता माना जाता है इसलिए ऑटोमोबाइल शोरूम गैराज और पेट्रोल टंकी मोटर पार्ट्स की दुकानों में इस दिन का विशेष महत्व होता है न्यू नैनी सर्विस स्टेशन गोहानी में कैंप लगाया गया। जिसमें आंख बुखार शुगरध् बीपी इत्यादि का चेकअप किया गया जिसमें ड्राइवरो को पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे पेट्रोल टंकी ओनर अशरफ अशफाक उर्फ बाबा भैया व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिसमें बलराम मिश्रा प्रधान मैदा, कमलेश मिश्रा गढ़ैया, मुकेश सिंह चामू, कमलापति त्रिपाठी, महमूद भाई , पेट्रोल पंप के मैनेजर सलमान व स्टाफ एवं लगभग बीस ट्रक ड्राइवर उपस्थित थे।

## सीएमपी महाविद्यालय में उत्कृष्टता सम्मान समारोह, वरिष्ठ शिक्षकों का हुआ सम्मान

**पूर्व प्राचार्यों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 17 सितंबर। सीएमपी महाविद्यालय में गुरुवार को उत्कृष्टता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शासी निकाय के कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं वंदेमातरम् से हुआ। उपप्राचार्या प्रो. नीता सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रथम महिला प्राचार्य डॉ. आशा अस्थाना, पूर्व प्राचार्य डॉ. केसी श्रीवास्तव, डॉ. व्यासजी द्विवेदी एवं डॉ. पद्मजा सिंह को अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने महाविद्यालय के विकास में वरिष्ठ शिक्षकों के योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को रेखांकित किया। डॉ. आशा अस्थाना ने महाविद्यालय में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों को दायित्वबोध के प्रति प्रेरित किया। डॉ. केसी श्रीवास्तव ने अपने संस्मरण सुनाए, जबकि डॉ. व्यासजी द्विवेदी ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास से जुड़े अनुभव साझा किए। डॉ. पद्मजा सिंह ने संगीत की बारीकियों पर विचार रखते हुए सावन गीत प्रस्तुत कर वातावरण को सरस बना दिया। प्रशस्ति पत्र का वाचन प्रो. सरोज सिंह, प्रो. अर्चना खरे और प्रो. भावना चौहान ने किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. आशुतोष मिश्रा (संगणक विभाग), डॉ. राम चिरंजीवी (समाजशास्त्र विभाग), डॉ. रेनू सिंह (विधि विभाग), अवधेश तिवारी (वाणिज्य संकाय) एवं डॉ. सत्येंद्र (अर्थशास्त्र विभाग) को भी सम्मानित किया गया। जलभराव के दौरान सहयोग एवं योगदान के लिए जल निगम के सहायक अभियंता सुधीर यादव तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी सम्मान मिला। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आभा त्रिपाठी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सरोज सिंह ने दिया। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नव चयनित तकनीकी सहायक को किया सम्मानित

प्रयागराज। कृषि विभाग में नव चयनित तकनीकी सहायक सविता पटेल को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल ने अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सविता पटेल के इस चयन से क्षेत्र की अन्य बालिकाओं को भी प्रेरणा लेकर पढ़ाई करनी चाहिए ताकि उन्हें में अच्छा मुकाम मिल सके।

## शिक्षकों के सम्मान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे : डॉ. त्रिपाठी

प्रयागराज। इलाहाबाद–झांसी शिक्षक विधायक बाबूलाल त्रिपाठी ने बुधवार को सहसों क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और विद्यालयों से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी ली। कुछ समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही त्वरित निराकरण भी किया। उन्होंने शिक्षकों के साथ संवाद कर उनकी जरूरतों पर चर्चा की। बाबूलाल त्रिपाठी ने कहा कि वे शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास करेंगे। उनके अधिकार और हित से जुड़े मामलों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर रमेश कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य अरविंद वर्मा, राजेश सिंह, राम आशीष जोशी आदि रहे।

## इफको अध्यक्ष दिलीप संघानी आईसीए ग्लोबल बोर्ड में एट–लार्ज डायरेक्टर चुने गए

प्रयागराज। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी को इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (आईसीए) के ग्लोबल बोर्ड में एट–लार्ज डायरेक्टर चुना गया है। यह चुनाव 15 सितंबर को पनामा सिटी में हुई आईसीए जनरल असेंबली में हुआ। संघानी को 526 मत मिले। वह इस पद के लिए भारत के एकमात्र उम्मीदवार थे। उनके निर्वाचन से वैश्विक सहकारी आंदोलन की शीर्ष संस्था में भारत को प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व मिला। इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके सिंह ने यह जानकारी देते हुए इसे भारतीय सहकारिता के लिए गौरव बताया। संघानी की उम्मीदवारी को भारतीय सहकारिता क्षेत्र और कई देशों का समर्थन मिला। चार दशक से अधिक सार्वजनिक अनुभव वाले संघानी गुजरात विधानसभा सदस्य और सांसद भी रहे हैं। इस दौरान महाप्रबंधक पीके पटेल, रत्नेश कुमार, एके गुप्ता, अरुण कुमार, एचआर प्रमुख शंभू शेखर, अनुराग तिवारी, स्वयं प्रकाश, पंकज पांडेय और महामंत्री विजय यादव ने बधाई दी है।

# रामपुर खास में जनसंवाद का दौर, विकास योजनाओं की प्रगति पर विधायक मोना ने लिया जायजा

## धार्मिक आयोजनों में शामिल हुईं आराधना मिश्रा, ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

अगई मोड़ पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामपुर खास के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं का क्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर नजर रखने को कहा। विधायक मोना छोइया बीर बाबा परिसर में महिला समूह द्वारा आयोजित मां अवशान देवी के पूजन उत्सव में शामिल हुईं। इसके बाद रानीगंज कैथौला के समीप अचकवापुर गांव में हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा के संयोजन में आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह में विधि–विधान से पूजा–अर्चना की।





भटपुरवा, रानी की बाग, कामापुर सरैंया, कैथौला, गोसाई का पुरवा, पड़री और डगरारा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों के सहयोग के प्रति आभार जताया। कार्यक्रमों में उनके पुत्र राघव मिश्र ने युवाओं की रचनात्मक भूमिका पर विचार रखे।

इसके अलावा लालगंज नगर पंचायत के नेताजी पुरम, सांगीपुर और दीवानी वार्ड में उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान स्व. रामअभिलाख गौड़, पूर्व सभासद करुणाशंकर दुबे की माता, दिनकर दुबे की माता तथा मनीपुर निवासी स्व. संकठा प्रसाद तिवारी के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। गौतमपुर वार्ड में आयोजित पूर्व प्रधान एवं सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. उमाशंकर मिश्र के स्मृति दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। बेलहा, सराय जानमती, कटरा दुग्धा, हरनाहर और देवारा में जनसंपर्क के दौरान विधायक ने क्षेत्रीय विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

इस अवसर पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख ददन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## संग्रामगढ़ में धूमधाम से मनाया जा रहा गणपति उत्सव

### गणेश पंडाल में उमड़ रहे श्रद्धालु, आरती के बाद हो रहा प्रसाद वितरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। स्थानीय बाजार स्थित चौराहे पर स्थापित गणपति पंडाल में गणेश उत्सव बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा–अर्चना और आरती कर रहे हैं। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। बाल गोपाल गणेश उत्सव मंडल की ओर से बताया गया कि चौराहे पर पिछले करीब 20 वर्षों से लगातार गणपति पंडाल स्थापित कर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान कराई जा रही है। इस वर्ष 14 सितंबर से 11 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हुआ है। पंडाल में पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। महिलाओं और बच्चों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मंडल के कार्यकर्ता पंडाल की साफ–सफाई और सजावट के साथ प्रसाद वितरण की व्यवस्था में जुटे हैं। उत्सव में आचार्य पंडित आशुतोष महाराज भागवत एवं मृदुल आरती गायन कर श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर रहे हैं। गणेश उत्सव के समापन पर 25 सितंबर को विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बैंड–बाजे, डीजे और आतिशबाजी के साथ श्रद्धालु नाचते–गाते गणपति बप्पा को विदाई देंगे। आयोजन में अंकुश अग्रहरि, राधेश्याम, गुलाब पटवा, दिलीप कौशल, धीरज साहू, तीर्थ उपाध्याय, सिद्धार्थ गुप्ता, रूपलाल, शैलेश पटवा, राजेश कौशल, पवन पटवा, अनु जायसवाल, गोलू कौशल सहित मंडल के अन्य कार्यकर्ता व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

## आमापुर बेर्रा में पाल समाज की पीडीए बैठक संपन्न, 2027 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का लिया संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस

रानीगंज,प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले को धार देने के लिए रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के आमापुर बेर्रा गांव में बृहस्पतिवार को पाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी रानीगंज के विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद प्रतापगढ़ के सदर विधानसभा से पूर्व विधायक राजकुमार पाल मौजूद रहे।

राजकुमार पाल बोले – 2027 में साइकिल ही चलेगी

अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब–जब समाजवादी सरकार रही है, तब–तब पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को सम्मान और हक मिला है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में च्व। समाज सबसे ज्यादा परेशान है। उन्होंने कहा, ष्पाल समाज समाजवादी पार्टी की रीढ़ है। अगर हमें अपना हक चाहिए, तो 2027 में फिर से अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना होगा। इसके लिए हमें बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना होगा।ष्

रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाया भरोसा

विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव ने कहा कि रानीगंज विधानसभा में पाल समाज पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि च्व। ही छव। को हराएगा।


उन्होंने आए हुए सभी पाल समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमापुर बेर्रा से जो आवाज उठी है, वो पूरे रानीगंज में जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में पाल समाज के बुजुर्ग, नौजवान, समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक सदर राजकुमार पाल विधानसभा अध्यक्ष रानीगंज शेर बहादुर यादव संजय सरोज अरविंद पटेल जावेद अहमद राजेंद्र यादव गगन यादव मेवा लाल पाल पवन मौर्य बबलू पाल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा राहुल रंजीत पाल पप्पू पाल बृजेश पाल प्रधान अजमेर पाल राजा रामपाल सहित समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन अर्चन में उमड़े श्रद्धालु

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर पंचायत लालगंज के बैलना बाबा कुटी के समीप शिवकुटीपुरम् में भगवान श्रीकृष्ण की बरही को लेकर भक्ति संगीत में श्रद्धालु भाव विभोर दिखे। वहीं कार्यक्रम को लेकर हुये भण्डारे में श्रद्धालुओं ने कन्हैया का महाप्रसाद भी ग्रहण किया। सामूहिक धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने



आचार्य राजेश पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का दर्शन पूजन किया। धार्मिक आयोजन में पंडाल भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष से गूंज उठा दिखा। वहीं भजनगायक प्रभात, अमरजीत, मंगल व रवि पाण्डेय के द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम में भगवान राधे–कृष्ण नाम संकीर्तन में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद दारा सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल महेश, राजकुमार शुक्ल, को सेवासंगत में देखा गया। इस मौके पर डा. रमाशंकर शुक्ल, रामबिहारी मिश्र, उत्कर्ष शुक्ल, प्रदीप त्रिपाठी, एसपी मिश्रा, राजमणि मिश्र, डा. सर्वेश त्रिपाठी, पवन सिंह, अमित सिंह, विनोद सिंह, बबऊ शुक्ल, सुरेन्द्र मिश्र आदि रहे।

## ओजोन परत बचाने को नौनिहालों ने उठाई जागरूकता की अलख

### पोस्टर व स्लोगन के जरिए बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर बुधवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चिल्ला शहबाजी में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा एक के नन्हे–मुन्ने विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ओजोन परत के महत्व को समझाया। बच्चों ने आकर्षक पोस्टर तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने "पेड़ लगाओ, धरती बचाओ" और "प्लास्टिक का प्रयोग कम करें" जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।



शिक्षिका शिप्रा गुप्ता ने बच्चों को ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी पर रहने वाले जीव–जंतुओं की रक्षा करती है। इसके संरक्षण के लिए प्रदूषण कम करने, प्लास्टिक का उपयोग घटाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित की गई। विद्यालय परिवार ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर अल्लीपुर बहेरा में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम, धुन्नी भैया के आवास पर भव्य आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अल्लीपुर,फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अल्लीपुर बहेरा स्थित पूर्व राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया के आवास पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के चलते कार्यक्रम स्थल पर पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। बताया गया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन पहले चौकी चौराहे पर प्रस्तावित था। इसके लिए तैयारियां भी की जा रही थीं, लेकिन प्रशासन की ओर से वहां कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के बाद आयोजन का स्थान बदल दिया गया। इसके बाद कार्यक्रम को अल्लीपुर बहेरा स्थित पूर्व राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया के आवास पर आयोजित किया गया। आवास पर कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम



स्थल पर एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का स्वागत भी किया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के कारण अल्लीपुर बहेरा स्थित आवास के आसपास काफी भीड़ रही। कार्यकर्ताओं के बीच प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और जन्मदिन समारोह को उत्साह के साथ मनाया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत बाल विकास परियोजना मूरतगंज में जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पोषण संबंधी चार्ट, पोस्टर एवं जागरूकता संदेशों से सुसज्जित 'पोषण रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि आज पोषण रथ विकास खंड मूरतगंज के प्रमुख मार्गों से होते हुए चायल एवं नेवादा क्षेत्र में भ्रमण करेगा तथा आमजन को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मातृ–शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम एवं कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से "हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी" के संदेश को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदस्य राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रमुख जिम्मेदारी है।

## कालेज के टशनबाज डे में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

### गायन, नृत्य और रैंप प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने बटोरी वाहवाही

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। चंद्रशेखर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, कोइलहा में बुधवार को रेड एफएम प्रयागराज की ओर से आयोजित लोकप्रिय कार्यक्रम कालेज के टशनबाज–डे 8 के आडिशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायन, नृत्य और रैंप की प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। आडिशन में बीएएमएस 2025–26 बैच के छात्र सुनील बिंद ने शानदार गायन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं बीफार्मा 2025–26 बैच की छात्रा सृष्टि केशरवानी ने प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति दी। बीएएमएस के छात्र मिश्रा आयुष ने ऊर्जावान रैंप प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। तीनों विद्यार्थियों के चयन पर संस्थान प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान की ओर से रेड एफएम प्रयागराज की टीम के प्रति आभार जताया गया। विशेष रूप से प्रोग्राम हेड रोहित घोष और आरजे गोविंद के सहयोग व मार्गदर्शन की सराहना की गई। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के मंच विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाने में सहायक होते हैं। इस दौरान कालेज के शिक्षक, छात्र–छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहे। प्राचार्य प्रो. एसके गुप्ता ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का आगमन आज, डीएम-एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

### संदीपनी पब्लिक स्कूल अदमापुर कोरसम में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आज संदीपनी पब्लिक स्कूल, अदमापुर कोरसम, बिंदकी में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, प्रवेश–निकास, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिंदकी को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करने और सभी को स्पष्ट दायित्व सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। पूर्व राष्ट्रपति से भेंट करने वाले व्यक्तियों एवं अतिथियों की सूची पहले से प्राप्त कर आवश्यक सत्यापन कराने तथा प्रोटोकॉल के अनुसार प्रवेश और निकास की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस विभाग को कार्यक्रम स्थल के साथ ही प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग, निर्धारित रूट, बैरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। आसपास के क्षेत्र में भी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जांच करने को कहा गया। अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, आपातकालीन निकासी मार्ग और अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के साथ आवश्यक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को कार्यक्रम स्थल पर तैयार एवं परोसे जाने वाले भोजन और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की नियमित जांच करने को कहा गया। आवश्यकता पड़ने पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। खंड विकास अधिकारी मलवां को कार्यक्रम स्थल, निर्धारित रूट और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके तहत साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, झाड़ियों की कटाई और कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा गया। अधिकारियों ने निर्धारित रूट का भी स्थलीय निरीक्षण किया। सड़क की स्थिति, गड्ढों की मरम्मत, आवश्यक साइनेज, बैरिकेडिंग और साफ–सफाई सहित अन्य जरूरी कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। कार्यक्रम स्थल और निर्धारित रूट पर विद्युत लाइनों, पोल, केबल, अस्थायी विद्युत कनेक्शन, जनरेटर तथा अन्य विद्युत उपकरणों का परीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने–अपने विभाग से जुड़ी व्यवस्थाओं का पहले से स्थलीय सत्यापन करने और यदि कहीं कोई कमी मिले तो उसका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। उप जिलाधिकारी बिंदकी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नामित करते हुए सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई। उन्हें निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी बिंदकी, क्षेत्राधिकारी पुलिस बिंदकी, नायब तहसीलदार मलवां, खंड विकास अधिकारी मलवां, विद्युत विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## भगवान का सुमिरन जीवन के लिए मंगलदायी-डॉ. अम्बिकेश

### कैथौला में श्रीराम कथा में भावविभोर हुये श्रद्धालु

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र के कैथौला बाजार में हो रही संगीतमयी नौ दिवसीय श्रीरामकथा में गुरुवार को श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा का वर्णन सुनकर भक्तिभाव में आनंदित देखा गया। कथाव्यास डा. अम्बिकेश त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीराम लोकसत्ता के जन कल्याणकारी स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का सुमिरन करने से जीवन का सभी कष्ट मिट जाया करता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीराम के प्रति निर्मल मन से समर्पण जीवन के उद्धार का सबसे सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि संसार में दुःख के समय भगवान का स्मरण करने की जगह सुख और दुःख दोनों स्थितियों में मनुष्य को भगवान का भजन करना चाहिए। कथा में संगीतज्ञ राजेश शुक्ला गुड्डू की भक्ति मंडली के द्वारा भजनों पर श्रीराम का जयघोष गूंजता दिखा। सह संयोजन शिवपूजन जायसवाल ने व्यास पीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद जायसवाल ने किया। इस मौके पर दवन सिंह पप्पू तिवारीए सुरेन्द्र सिंहए महेन्द्र सिंहए होलेन्द्र सिंहए शेर बहादुर सिंहए दल बहादुर सिंहए शिवराम अग्रहरिए प्रेमचन्द्र केसरवानीए हरकेश जायसवालए शिवलाल अग्रहरिए अड़ेलाल केसरवानीए आदि रहें।

## विश्वकर्मा पूजा पर गंगा स्नान करने गई 11 वर्षीय छात्रा डूबी, मौत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर गुरुवार को विद्यालय में अवकाश होने के कारण गंगा स्नान करने गई 11 वर्षीय छात्रा नेहा गहरे पानी में डूब गई। हादसे में उसकी मौत हो गई। बच्चों की चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसके बाद गांव के रोहित ने गंगा में उतरकर खोजबीन की और नेहा का शव बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेवा संकल्प अभियान का आगाज, 57 जनप्रतिनिधियों व युवाओं ने किया रक्तदान

## रक्तदाताओं ने मरीजों को फल वितरित कर स्वस्थ जीवन की कामना की

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही ।जनपद भदोही में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं जनभागीदारी की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सेवा संकल्प अभियान के क्रम में जिला चेतसिंह चिकित्सालय ज्ञानपुर में रक्तदान शिविर एवं मरीजों को फल वितरण के साथ फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे एवं जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, डॉ. अजय शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति आगे बढ़कर रक्तदान करें और इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। सेवा भाव से अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रक्तदान शिविर रहा, जिसमें लगभग 57 जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने सेवा भाव से रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर



वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि जरूरत के समय किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने की मानवीय पहल है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी एवं अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है।

रक्तदान शिविर में युवाओं की विशेष सहभागिता देखने को मिली। युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान करते हुए समाज में सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें रक्तदान के महत्व से अवगत कराया गया तथा नियमित रूप से पात्र व्यक्तियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें फल वितरित किए। मरीजों ने फल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। मरीजों से संवाद करते हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी ली तथा उपचार एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनभागीदारी से जोड़ने का माध्यम बने। रक्तदान जैसे मानवीय कार्य समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के माध्यम से जनपदवासियों को संदेश दिया गया कि रक्तदान जीवन बचाने का महान कार्य है और स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति को समय–समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में आगामी एक माह तक सेवा, सुशासन, जनभागीदारी एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बी0एल0जे0 ग्राउंड महुवरिया में सेवा संकल्प प्रदर्शनी का किया गया भव्य शुभारम्भ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत आज नगर के बी0एल0जे0 ग्राउंड महुवरिया में केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों पर आधारित 15 दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज एवं अध्यक्ष सहकारिता जगदीश सिंह पटेल के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद अतिथियों व जनप्रतिनिधियोंध्पदाधिकारियों ने प्रदर्शनी में भ्रमण कर एक–एक चित्र किट का अवलोकन किया। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा लगाई गई इस चित्र प्रदर्शनी में केन्द्र



एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को चित्र व लेखन के माध्यम से मॉडलों और बैनरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी को देखकर लोगों में काफी उत्सुकता रही, प्रदर्शनी देखने आए लोगों के द्वारा योजनाओं की सराहना की गई तथा कहा कि एक ही स्थान पर सभी योजनाओं की जानकारी इसके माध्यम से मिल रही है जो बहुत ही उपयोगी व सराहनीय है। अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा पिछले वर्षों में किए गए विकास कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि बी0एल0जे0 ग्राउंड महुवरिया में आयोजित इस प्रदर्शनी में पहुंचकर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा इसका लाभ उठाएं। इस अवसर पर काशी क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, महामंत्री स्वामीनारायण सिंह, रवि पांडे महामंत्री, हेमंत त्रिपाठी, सुनीता शर्मा उपाध्यक्ष, जिला मंत्री वीरेंद्र प्रताप यादव, जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी, संध्या सिंह जिला मंत्री, जिला मीडिया प्रभारी भावेश शर्मा, कार्यालय सह मंत्री प्रकाश दुबे, सोनू दुबे उपस्थित रहे।

## सपा ने मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में भगवान विश्वकर्मा की जयंती जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर



माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा भगवान विश्वकर्मा सृजन निर्माण और नवाचार के आराध्य देव विश्वकर्मा को आज लोग अपने कल कारखानो में पूजते है और उन्हें याद करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कैलाश चौरसिया, शिवशंकर सिंह यादव, डा0 रतन सिंह पटेल, राजाबाबू यादव, भोलानाथ यादव, सत्यप्रकाश यादव, शक्ति श्रीवास्तव, आशीष कोल, राममिलन यादव, दिव्या गुप्ता, विजय विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, बब्बू चमार, रामराज यादव, रवि सोनकर, संजय यादव, सुनील पटेल आदि मौजूद रहें।

## 43वीं वार्षिक आम बैठक के बाद सीईपीसी की प्रशासनिक समिति की बैठक, 50वीं इंडिया कार्पेट एक्सपो की तैयारियों पर हुई चर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

नोएडा, 15 सितंबर। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) की 43वीं वार्षिक आम बैठक के समापन के पश्चात परिषद के प्रशासनिक समिति सदस्यों (ब्।) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईपीसी के अध्यक्ष कैप्टन मुकेश कुमार गोंबर ने की। बैठक में आगामी 50वीं इंडिया कार्पेट एक्सपो (गोल्डन जुबली) को भव्य एवं सफल बनाने के लिए की जा रही तैयारियों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया।



बैठक में सीईपीसी के उपाध्यक्ष असलम महबूब तथा प्रशासनिक समिति के सदस्य महावीर प्रताप शर्मा, मोहम्मद वसीफ अंसारी, अनिल कुमार सिंह, पीयूष कुमार बरनवाल, संजय कुमार गुप्ता, बोध राज मल्होत्रा, रोहित गुप्ता, शेख आशिक अहमद, मेहराज यासीन जान एवं शौकत खान तथा कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक–सह–सचिव डॉ. स्मिता नागरकोटी उपस्थित थीं।

बैठक में आगामी एक्सपो को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के रूप में आयोजित करने के साथ–साथ देश–विदेश से आने वाले खरीदारों तथा सहभागी सदस्य–निर्यातकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की गई। विदेशी खरीदारों के आगमन, होटल, पंजीकरण एवं परिवहन को सुचारु बनाने तथा उनके लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

आगामी 50वीं इंडिया कार्पेट एक्सपो के लिए अब तक 63 देशों से लगभग 310 खरीदारों तथा 195 निर्यातकों ने अपना पंजीकरण कराया है। इसके साथ ही सहभागी निर्यातकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्टॉल व्यवस्था, प्रवेश (म्दजतल), पंजीकरण, एवं निकास, स्टॉल का सामान पहुँचाना, पार्किंग एवं वाहन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संबंधित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा एक्सपो के दौरान खरीदारों एवं निर्यातकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। यह आयोजन भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग को वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा देश के कालीन निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मीरजापुर में सेवा संकल्प अभियान का शुभारम्भ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शासन के निर्देश पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का शुभारम्भ गुरुवार को धार्मिक एवं सेवा भाव के साथ किया गया। विंध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विंध्यवासिनी धाम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन–पूजन कर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने अभियान की शुरुआत की। इससे पूर्व नगर विधायक ने 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत मंदिर के आसपास की प्रमुख गलियों में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान



के तहत जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मड़िहान में विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, चुनार में विधायक अनुराग सिंह, मझवां में विधायक सुचिस्मिता मौर्या तथा छानबे में विधायक रिंकी कोल ने स्वच्छता अभियान चलाने के साथ प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को फल वितरित किए। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा, समर्पण एवं सुशासन के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाना और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विंध्याचल मंदिर में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 176 किलो मिष्ठान का वितरण भी किया। मंडलीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं को सम्मानित करने के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। विधायक ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। वहीं विकास भवन पथरहिया में विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर मेगा क्रेडिट कैंप आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, उद्यमियों को चेक तथा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर रक्तवीर योद्धाओं ने बढ़–चढ़कर किया रक्तदान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे ब्लड डोनेशन ड्राइव के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तवीर योद्धाओं ने बढ़–चढ़कर रक्तदान किया। मंडलीय जिला अस्पताल स्थित रक्त केंद्र में श्री साई परिवार सेवा संगठन व रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा की देख–रेख में शिविर संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉक्टर के. के. मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर मुकेश कुमार, सीएमएस डॉक्टर सचिन किशोर, एमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, डॉक्टर राजन सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष श्री साई परिवार के शुभम गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी से मनीष दुबे ने किया।

शिविर में कुल 78 लोगों ने पंजीकरण कराया और पुरुष/महिला रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। डॉक्टर आकृति सिंह ने सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श किया तथा सुनिश्चित किया कि दान सुरक्षित और नियमों के अनुसार हो। ब्लड बैंक अधिकारी राजन सिंह व श्री साई परिवार के अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह रक्तदान शिविर समाज सेवा और मानवता की भावना को प्रबल करने का प्रयास था। संगठन भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा और समुदाय से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। रक्तदान करने वाले शुभम गुप्ता, अभिषेक सिंह, विजय प्रजापति, रीगन जायसवाल, दीपक माली, अश्वनी कुमार, अमित गुप्ता, विशिष्ट पाण्डेय, प्रदीप गुप्ता, स्मिता गुप्ता, अतुल गुप्ता, अरविंद सोनकर जैसे कई रक्तवीरों ने सहभागिता की।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यालय में सुंदरकांड पाठ आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के जिला कार्यालय, बरौधा कचार के सभागार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ । सुंदरकांड पाठ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं वन की मंगल कामना एवं देश की निरंतर प्रगति, समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए प्रार्थना की गई । सुन्दरकाण्ड के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात् बी0एल0जे0 ग्राउण्ड में लगे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के विकास की प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष लाल सरोज ने किया। इस अवसर पर भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, दिनेश तिवारी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, उदयभान तिवारी, सुनीता शर्मा, जिला महामंत्री रविशंकर पांडेय, स्वामीनाथ सिंह, जिला मंत्री संध्या पटेल, वीरेंद्र प्रताप यादव, रोहित त्रिपाठी, पूनम चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज



दुबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक आनंद मैनी, जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष गुप्ता, वीरेंद्र कुमार मौर्य 'वीरू', सोनम चतुर्वेदी एवं रूद्रेश प्रताप सिंह, भाजयुमो मीरजापुर जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी, जिला सह मीडिया प्रभारी विजय शक्ति दुबे, रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल के साथ अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दी।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बच्चों को बांटी कॉपी, पेंसिल और मिठाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मीरजापुर जनपद के बड़ी बसही वार्ड में भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के जिला कार्यसमिति सदस्य ई. विवेक बरनवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का जन्मदिन बच्चों एवं वार्डवासियों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पेंसिल एवं मिठाई का वितरण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने ष्मोदी जी को हैप्पी बर्थडे, मोदी जी दीर्घायु होंष् का नारा लगाकर मोदी जी के स्वस्थ जीवन की कामना की। ई. विवेक बरनवाल ने कहा कि विगत 25 वर्षों से मोदी जनता की सेवा कर रहे हैं और बिना भेदभाव के हर जाति एवं धर्म के लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचा रहे हैं। मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को हम सभी मिलकर पूरा करेंगे एवं भारत के 140 करोड़



देशवासियों का आशीर्वाद प्रधानमंत्री के साथ है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर बसही प्रथम के शक्तिकेंद्र संयोजक अनिल जायसवाल, मनीष दुबे, शैलेन्द्र पांडेय, विरेंद्र बिंद, सुनील यादव, देवा यादव, अवधेश दुबे, अजय यादव, संतोष मौर्य, शिप्रा बरनवाल, वंदना यादव, सुप्रिया त्रिपाठी, हरप्रीत कौर डंग, धीरज केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बकरी चोरी का विरोध करने पर चरवाहे पर जानलेवा हमला, 2 आरोपी गिरफ्तार, हमले में इस्तेमाल फरसा भी बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के हरदुआ गांवों में बकरी चोरी का विरोध करने पर चरवाहे रामरेखा पाल पर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राकेश उर्फ करिया और वीरेंद्र वनवासी उर्फ ननका के रूप में हुई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुर्गागंज बाजार के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को पकड़ा। यह कार्रवाई अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार आरोपियों में जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव का रहने वाला 24 वर्षीय राकेश उर्फ करिया पुत्र लालमणि शामिल है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# पूर्व मंत्री राम आसरे कुशवाहा की सपा में वापसी, भाजपा छोड़कर थामा अखिलेश यादव का हाथ

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले दल–बदल का सिलसिला तेज हो गया है। इसी क्रम में छह बार मंत्री रह चुके राम आसरे कुशवाहा ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। उनकी सपा में करीब 13 साल बाद वापसी हुई है। पार्टी में शामिल होने के बाद कुशवाहा ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प जताया। सपा में वापसी के बाद राम आसरे कुशवाहा ने मुलायम सिंह यादव को याद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी ऐसा महसूस होता है कि 'नेताजी' उनके बीच मौजूद हैं। कुशवाहा ने कहा कि अखिलेश यादव को भी वही सम्मान और पदवी मिलनी चाहिए। उन्होंने समर्थकों से



अपील करते हुए कहा कि जब तक अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे, तब तक घर नहीं बैठेंगे। कुशवाहा ने अपने संबोधन में सम्मान को राजनीति के साथ–साथ रिश्तेदारी और व्यवसाय में भी महत्वपूर्ण बताया। उनकी इस वापसी को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सपा के राजनीतिक अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है। राम आसरे कुशवाहा का राजनीतिक सफर कई दलों से होकर गुजरा है। वह बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में रहने के बाद बीजेपी में शामिल हुए थे। वह उत्तर प्रदेश सरकार में छह बार मंत्री रह चुके हैं और सरसौल विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी रहे हैं। कुशवाहा इससे पहले सपा में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 2013 में तत्कालीन सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से हटा दिया था। अब लंबे अंतराल के बाद उनकी सपा में वापसी हुई है। इसी बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रदेश सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने विश्वकर्मा समाज के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने की बात कही। अखिलेश ने राज्य में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने बुंदेलखंड और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण पर सवाल उठाते हुए अपने कार्यकाल में बने आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे का उल्लेख किया। इन दावों पर सरकार और संबंधित एजेंसियों का पक्ष अलग हो सकता है। सपा अध्यक्ष ने रोजगार को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जुलाई और अगस्त में रोजगार के मोर्चे पर उपलब्धियों को लेकर सवाल उठाए और कहा कि सपा की सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार और नौकरियों के अवसर देने पर जोर दिया जाएगा। अखिलेश ने यूपीआई पर शुल्क के मुद्दे को लेकर भी सरकार की आलोचना की और इसे वापस लेने की मांग की। इस तरह राम आसरे कुशवाहा की सपा में वापसी के साथ ही पार्टी ने संगठन और सरकार के खिलाफ अपने राजनीतिक मुद्दों को भी सामने रखा है।

## धूमधाम से मनायी गयी भगवान विश्वकर्मा जयन्ती

लखनऊ,संवाददाता। बलरामपुर चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुई भगवान विश्वकर्मा को हिन्दू धर्म मे ब्रम्हांड का सबसे पहला इंजीनियर और निर्माता कहा गया है आज इस



कार्यक्रम में मुख्य रूप से पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ अरविंद प्रशाद डॉ हनी चन्द्रा डॉ नेहा चौरसिया सुनील कुमार मनोज अवस्थी सत्य प्रकाश आशीष मौर्य शम्भु राज नेहा वर्मा पूजा मिश्रा रवाब फात्मा मनीष कुमार एवं पैथोलॉजी विभाग के समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मियों के साथ चिकित्सालय के अन्य कर्मी उपस्थिति रहे एवं सभी ने प्रशाद ग्रहण किया।

## विज्ञान नगरी में धूमधाम से मनाया गया अर्न्तराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस

ल्खनऊ,संवाददाता। राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय उ0प्रव तथा विज्ञान नगरी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस बड़ी ही धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न विद्यालयों के आठ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं



में भाग लिया। साथ ही सैकड़ों की संख्या में आम लोगों ने विज्ञान नगरी का भ्रमण किया। विज्ञान नगरी के शिक्षा अधिकार विकास ने बताया कि समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर नवीन अरोडा उपस्थित थें। उन्होने ओजोन परत संरक्षण की उपयोगिता परप प्रकाश डालते हुये रोचक व्याख्यान भी दिया। इस अवसर पर प्रायोजित कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों के बच्चों ने भी भाग लिया। साथ ही इस अवसर पर दो दिनों में स्कूली बच्चों के लिए क्विज पोस्टर मेंकिंग स्लोगन राइटिंग तथा एक्सटेंपोर जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के साथ विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक स्वरूप् मंडल ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड, मेंडल, प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## आयुष डॉक्टरों का प्रदर्शन, 25 हजार स्टाइपेंड की मांग

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के गोमतीनगर में राजकीय मेडिकल होम्योपैथिक कॉलेज में 25 हजार रूपए मासिक स्टाइपेंड की मांग को लेकर आयुष छात्रों एवं चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में होम्योपैथिक चिकित्सक संघ, आयुर्वेद चिकित्सक संघ एवं यूनानी चिकित्सक संघ से जुड़े प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से उनकी मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रशिक्षण और कार्य के दौरान वे मरीजों की देखभाल समेत विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इसके बावजूद स्टाइपेंड से संबंधित उनकी मांग लंबे समय से चर्चा में है। डॉक्टरों ने कहा कि उनकी मेहनत और जिम्मेदारियों को देखते हुए सम्मानजनक स्टाइपेंड दिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि प्रशासनिक गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं, लेकिन डॉक्टरों की समस्याओं और उनकी मांगों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डॉक्टरों ने कहा, हम डॉक्टर हैं, मजदूर नहीं। उनका कहना है कि 25 हजार रूपए मासिक स्टाइपेंड की मांग किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं, बल्कि प्रशिक्षण और सेवाओं के दौरान किए जा रहे कार्य के अनुरूप सम्मानजनक भुगतान की मांग है।

# भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों पर आगे बढ़े समाज, शिक्षा–कौशल और राजनीतिक भागीदारी को बनाए आधार

लखनऊ,संवाददाता। अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय, लखनऊ में आज भगवान विश्वकर्मा पूजा का कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष विधिवत पूजा–अर्चना कर आरती की। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा जी से समाज और राष्ट्र की सुख–समृद्धि, शांति एवं प्रगति की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम शर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी सृजन, निर्माण, तकनीकी कौशल और कर्म के प्रतीक हैं। विश्वकर्मा समाज की समृद्ध परंपरा और हुनर को आधुनिक समय की शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता से जोड़कर नई पीढ़ी के लिए रोजगार एवं विकास




के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा और कौशल के साथ–साथ लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। समाज के लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनहित के विषयों के प्रति जागरूक होकर अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से मजबूती के साथ रखनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज के युवा शिक्षा प्राप्त करें, आधुनिक तकनीक सीखें, स्वरोजगार एवं उद्यमिता की ओर आगे बढ़ें और सामाजिक संगठन को मजबूत करें। संगठित एवं जागरूक समाज ही अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रख सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पारंपरिक कारीगरों एवं विश्वकर्मा परंपरा से जुड़े श्रमिकों और उद्यमियों के लिए कौशल विकास, आधुनिक मशीनरी एवं तकनीकी प्रशिक्षण, आसान वित्तीय सहायता, बाजार उपलब्धता और स्वरोजगार के अवसरों को और मजबूत किया जाए, जिससे पारंपरिक हुनर को आधुनिक अर्थव्यवस्था से जोड़कर रोजगार के नए अवसर विकसित किए जा सकें। भगवान विश्वकर्मा जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा को शक्ति, कौशल को पहचान, संगठन को आधार और लोकतांत्रिक भागीदारी को अपनी आवाज बनाएं। समाज की उन्नति सामूहिक जागरूकता, मेहनत और सकारात्मक सहभागिता से ही संभव है। अखिल भारतीय बढ़ई महासभा की ओर से देश एवं प्रदेश के सभी नागरिकों तथा विश्वकर्मा समाज के सभी बंधुओं को भगवान विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सीएम योगी–अखिलेश समेत विपक्ष के कई नेताओं ने दी बधाई

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बसपा सुप्रीमो मायावती, अखिलेश यादव सहित विपक्ष के कई नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जम्म दिन पर हार्दिक बधाई दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आज उनके 76वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी है। वहीं अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई और स्वस्थ एवं सक्रिय सार्थक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी है। वहीं सीएम योगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के विजन को साकार करेगा। आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विश्वकर्मा पूजा उत्सव को संबोधित करते हुए मोदी के 76वें जन्मदिन पर उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि प्रधानमंत्री जी का स्वस्थ और यशस्वी जीवन लंबा हो तथा लंबे समय तक देश को उनका मार्गदर्शन मिलता रहे। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारीगरों, शिल्पकारों, युवाओं और महिलाओं की शक्ति से इस सपने को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार का दिन विशेष है क्योंकि भारतीय परंपरा में शिल्पकारों के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती और प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन एक ही दिन है। आदित्यनाथ ने कहा, सृष्टि के दिव्य शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पवित्र जयंती के साथ–साथ आज नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मदिन है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि 140 करोड़ भारतीय उनके नेतृत्व में नए भारत और विकसित भारत के सपने को साकार होते देखेंगे। मुख्यमंत्री ने मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए बाबा गोरखनाथ और भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना भी की। आदित्यनाथ ने कहा, ष्यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे हर साल इस विश्वकर्मा मंदिर में आने का अवसर मिलता है। उन्होंने कारीगरों



और शिल्पकारों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने श्प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाश के माध्यम से उन्हें एक मंच प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि जो देश अपने शिल्पकारों, श्रमिकों और कारीगरों का सम्मान करते हैं, वे ही आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा, चाहे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से हो या बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री, सुनार और अन्य कारीगरों के जरिए, समाज में कारीगरी के कई रूप हैं, जो आत्मनिर्भरता का आधार बनते हैं।ष आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तीन करोड़ से अधिक लोग आजीविका कमा रहे हैं और आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद शुरू की गई योजनाओं को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ये सभी कारीगर और शिल्पकार हैं। यह भगवान विश्वकर्मा की कृपा है, लेकिन आधुनिक भारत में अगर किसी ने भगवान विश्वकर्मा की कारीगरी को आधुनिक तकनीक, नए बाजारों, पैकेजिंग और डिजाइनिंग से जोड़ने का काम किया है, तो वे प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में शिल्पकारों, कारीगरों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में भारी तादात में पहुंचे लोगों नें लिया लाभ

लखनऊ,संवाददाता। ब्लॉक देवकली के ग्राम सभा बेलसड़ी में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव पुनीता सिंह खुशबू रहीं। शिविर का आयोजन देवकली चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार अभिषेक यादव बिट्टू की ओर से किया गया। इस दौरान पुनीता सिंह खुशबू ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर चिकित्सा क्षेत्र को और अधिक विस्तार देने के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जरूरतमंद लोगों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से लोगों को प्रारंभिक जांच और बीमारी की जानकारी समय से मिल सकती है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। समय–समय पर नेत्र परीक्षण कराने से कई गंभीर समस्याओं की पहचान शुरुआती स्तर पर की जा सकती है। आयोजक एवं देवकली चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार अभिषेक यादव बिट्टू ने शिविर में पहुंचे सभी लाभार्थियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति के माध्यम से समाज की सेवा करना है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सहयोग और समर्थन की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का प्रयास किया जाएगा।

# संक्षिप्त

## महिला की गला रेतकर हत्या,नहर किनारे मिला शव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव गोहरामऊ के पास नहर किनारे मिला। सुबह टहलने निकले गांव वालों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पूरा मामला काकोरी थाना क्षेत्र का है। मृतका की पहचान प्रेमावती उर्फ परी (30) पत्नी प्रदीप यादव के रूप में हुई है। गांव वालों ने गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में महिला की गला रेतकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के मुताबिक, बुधवार रात करीब 10 बजे प्रेमावती ने पति प्रदीप के साथ खाना खाया था। इसके बाद दोनों सो गए। रात करीब 12 बजे प्रदीप की आंख खुली तो प्रेमावती बिस्तर पर नहीं थी। उसने आसपास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सुबह नहर किनारे उसका शव मिला। पुलिस की जांच में सामने आया है कि प्रेमावती ने करीब आठ से दस महीने पहले प्रदीप यादव से कोर्ट मैरिज की थी। दोनों के बीच करीब तीन साल से संबंध थे। प्रदीप मजदूरी करता है। प्रेमावती की इससे पहले करीब 18 साल पहले सेमरामऊ निवासी राजू यादव से शादी हुई थी। दोनों का करीब 17 वर्षीय एक बेटा है। पुलिस के मुताबिक, पति–पत्नी के बीच विवाद के बाद दोनों अलग हो गए थे। बेटा अपने पिता के साथ रहता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या की वजह और वारदात में शामिल व्यक्ति की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम के जन्मदिन पर सिविल अस्पताल में डिप्टी सीएम और महानगर अध्यक्ष बांटे फल

लखनऊ,संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बुधवार को लखनऊ के सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों को फल दिए और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान ब्रजेश पाठक ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से इलाज की व्यवस्था के बारे में पूछा। साथ ही अस्पताल में साफ–सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को समय पर इलाज मिलने की स्थिति की जानकारी ली। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा और देखभाल सरकार की प्राथमिकता है। इसके अलावा लखनऊ में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पीएम के जन्मदिन पर नगर निगम ने सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की

लखनऊ,संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लखनऊ नगर निगम ने सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की है। हजरतगंज चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। मौके पर महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल व बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास साफ सफाई के साथ स्थलों की धुलाई भी की गई। साथ ही फूलो की माला भी पहनाई गई। मंत्री व महापौर ने कार्यकर्ताओं के साथ जेट स्प्रेयर, झाड़ू व वाइपर भी चलाया है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ नगर निगम ने पूरे एक महीने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक के लिए यह विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है। उन्होंने जानकारी दी कि अभियान के तहत काम को जोन–वाइज बांटा गया है। इसमें अलग–अलग दिनों में पूरे लखनऊ में सीवर की सफाई, नालियों की सफाई और वॉटर टैंकों की सफाई का काम प्रमुखता से किया जाएगा। महापौर ने पूरे लखनऊ वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक जीवन में आते ही कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आंतरिक हो या बाहरी, हर तरह की चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। 17 सितंबर की सुबह 6 बजे गांधी प्रतिमा से शुरू हुआ यह स्वच्छता अभियान अगले एक महीने तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

## संदिग्ध हालत में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के दुबग्गा में गुरुवार सुबह टोपा बिल्डिंग के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव संदिग्ध हालत में पड़ा था। राहगीरों ने जब शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मृतक युवक की उम्र करीब 34 साल बताई जा रही है। उसके पास कोई ऐसा दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे तुरंत उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक के बारे में जानकारी ली, लेकिन काफी देर तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। घटनास्थल के आसपास जांच के दौरान पुलिस को कुछ इंजेक्शन और दूसरे नशीले पदार्थ पड़े मिले। इसके बाद युवक की मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं सामने आ रही हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि शव की पहचान कराने के लिए आसपास के इलाकों में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही, दूसरे तरीकों से भी मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी है और यह पता लगाने में जुटी है कि युवक वहां कैसे पहुंचा।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का शुभारंभ, सांसद–विधायकों ने किया रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन

## मरीजों को फल वितरित कर जाना हालचाल, जन सेवा से देश सेवा का दिया संदेश





प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर-: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा' के तहत बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज/जिला संयुक्त चिकित्सालय पडरौना में रक्तदान शिविर का शुभारंभ सांसद विजय कुमार दुबे एवं सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान को मानव सेवा का सबसे बड़ा दान बताते हुए लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के बाद सांसद एवं विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जायजा लिया।उधर सीएचसी खड्डा में विधायक विवेकानंद पांडेय तथा सीएचसी हाटा में विधायक मोहन वर्मा ने मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित किए और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव, सीएमओ, पीडी डीआरडीए, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएलआई को मानदेय में जोड़ने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर





कुशीनगर, 17 सितंबर। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को जिला अधिकारी कार्यालय कुशीनगर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।बता दें कि 8 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय को 12000 रुपये करने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में शासनादेश में पता चला कि वास्तविक मानदेय वृद्धि मात्र 1500 रुपये की हुई है और 2500 रुपये इंध के रूप में दिया जाएगा। इसी को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। पूरे प्रदेश में जगह-जगह कार्यकर्ता विधायक, सांसद और जिलाधिकारी के माध्यम से इंध को मानदेय में तब्दील करने की मांग को लेकर ज्ञापन भेज रही हैं।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार सम्मानजनक मानदेय देने का वादा करते रहे हैं, लेकिन की गई वृद्धि अपर्याप्त है और उनके वादे के अनुरूप नहीं है। यह मानदेय प्रदेश में अकुशल मजदूर को दी जा रही न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। इस बढ़ती महंगाई में इतने पैसे से परिवार चलाना संभव नहीं है। मानदेय में 2500 रुपये इंध जोड़ा गया है जो अधिकारी के विवेक पर निर्भर रहेगा, जिससे भ्रष्टाचार और शोषण की पूरी संभावना बनी रहेगी।जिला महामंत्री रेनू राय ने कहा कि 8 सितंबर से ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में असंतोष है। अगर सरकार ने इंध को मानदेय में नहीं बदला तो इसका खामियाजा सरकार को 2027 के चुनाव में भुगतना पड़ सकता है।

हाटा ब्लॉक अध्यक्ष शालिनी बरनवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री 2017 से गद्दी पर हैं, 9 साल हो गए, जब चुनाव आया तो हमारी सुधि आई। जब मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 12000 मानदेय की घोषणा कर दी तो फिर इंध की बात कहां से आ रही है, जिसे कोई भी सरकार खत्म कर सकती है। इससे आंगनबाड़ियों को अधिकारियों के शोषण का शिकार होना पड़ेगा।

प्रदर्शन में नीलम पांडेय, उषा शर्मा, मनोरमा तिवारी, जितेंद्र दीक्षित, सुमन चौबे, अनुराधा श्रीवास्तव, साधना मिश्रा, सुरेश मिश्रा, लाल साहब, मंजू मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, मीना, मुन्नी, किरन मणि, मंजू देवी, सालाना खातून, सुनीला सिंह, कृष्णावती राय, रानी शर्मा, कुंती देवी सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विधि-विधान से की भगवान विश्वकर्मा की पूजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा में परंपरागत तरीके से पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने परिवहन शाखा पहुंचकर विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा और शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। पूजन संपन्न होने के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान परिवहन शाखा के वाहनों और शासकीय उपकरणों के सुचारू संचालन, उनकी सुरक्षा तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी परिवहन शाखा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा विवेचना में की जा रही देरी, न्यायालय के आदेश की हो रही अवहेलना

## पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार, छैंए पर दर्ज कराई शिकायत- संदर्भ संख्या 40018926029748

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल लुठहां निवासी जुम्मन अली ने पुलिस पर विवेचना में जानबूझकर देरी करने और माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देने के साथ ही मामले की शिकायत छैंए जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज कराई है।

### क्या है पूरा मामला

प्रार्थी जुम्मन अली पुत्र स्व. अब्दुल का आरोप है कि वर्ष 2010 में ग्राम पंचायत जंगल लुठहां में इंदिरा आवास योजना में फर्जी व मृतक लोगों के नाम पर आवास आवंटित किए गए थे। इस मामले में अधिशासी अभियंता द्वारा जांच रिपोर्ट देने के बाद भी थाना स्तर पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।बाद में न्यायालय के आदेश पर 12 जनवरी 2017 को थाना विशुनपुरा में मुकदमा दर्ज हुआ। न्यायालय ने तीसरी बार पुनः विवेचना का स्पष्ट आदेश दिया, लेकिन विवेचक ने फर्जी साक्ष्य के साथ चार्जशीट लगाकर न्यायालय को गुमराह कर दिया। पुनः 18 नवंबर 2022 को न्यायालय ने ।-विवेचना का आदेश दिया, लेकिन 4 साल बीतने के बाद भी आज तक विवेचना पूरी कर रिपोर्ट न्यायालय को नहीं भेजी गई।पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पूर्व प्रधान, सचिव व डाक मुंशी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिसके कारण वह 2017 से ही घर छोड़कर छुपकर रहने को मजबूर है। उसने एसपी से दूसरे निष्पक्ष विवेचक से जांच कराने और जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

## सुनार की दुकान से आभूषण चुराने वाली शातिर महिला गिरफ्तार, 2.40 लाख के गहने व नकदी बरामद



कुशीनगर, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अहिरौली बाजार पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक शातिर महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण व 3500 रुपये नकद बरामद किया है।पुलिस के अनुसार थाना अहिरौली बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 199/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्ता इमिथलेशी पत्नी कुलदीप उर्फ टिल्लू निवासी ग्राम राजपुरा थाना गोहन जनपद जालौनड को आज पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।पूछताछ में खुलासा -पूछताछ में महिला ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। ये लोग एक साथ सुनार की दुकान पर जाती है और दुकानदार को बातचीत व गहना दिखाने में उलझाकर बड़ी सफाई से गहना चुराकर मौके से फरार हो जाती है। बाद में दूर जाकर चुराए हुए गहनों का आपस में बंटवारा कर अलग-अलग ठिकानों पर चली जाती है। पहले चुराए हुए गहनों को बेचकर रेकी करती है, जो दुकानदार आसानी से गहने खरीद लेता है, उसी दुकान को बाद में शिकार बनाती है।बरामदगी -अभियुक्ता के पास से 04 अदद कान का झुमका (दो जोड़ी) पीली धातु जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये है तथा 3500 रुपये नकद बरामद हुआ है। अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास भी है, उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 631/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना कसया में भी मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक अमरनाथ सोनकर, कांस्टेबल अंशू कुमार, मारकण्डेय यादव, महिला कांस्टेबल असना व अंतिमा साहू शामिल रहीं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत ढेबरुआ में महिलाओं को किया गया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। थाना ढेबरुआ क्षेत्र के ग्राम ढेबरुआ में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। चौपाल में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने इस पहल को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है और समाज में निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के आसपास शोहदों व मनचलों से निपटने और छेड़खानी जैसी घटनाओं से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही सुरक्षा संबंधी पोस्टर चस्पा कर पैम्फलेट वितरित किए गए और शासन द्वारा जारी आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 112 पुलिस सहायता, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन तथा थाने के सीयूजी नंबर 9454458050 एवं मिशन शक्ति केंद्र के नंबर 9454408325 की जानकारी दी गई। इसके अलावा कवच परियोजना और महिला संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों से भी सभी को अवगत कराया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सोमनाथ शर्मा, सिपाही बृजेश गौतम और महिला आरक्षी कीर्ति कुमारी उपस्थित रहीं।




# विश्वकर्मा जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के अवसर पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्यमियों एवं लाभार्थियों ने देखा एवं संबोधन सुना।

कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर पल्टूराम, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी, उद्यमी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान कर स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया गया। योजना के अंतर्गत लाभान्वित उद्यमियों में अजय कुमार पाल- इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, पूजा गुप्ता- ब्यूटी पार्लर, कृष्ण कुमार मिश्रा- ई-रिक्शा, सर्वेश यादव- वेल्डिंग सेंटर, गोविन्द चौहान- डी.जे. सिस्टम एवं सर्विसेज, कुलभूषण पाण्डेय- फोटो स्टूडियो, युगदीप श्रीवास्तव- अगरबत्ती मेकिंग यूनिट, अखिलेश कुमार तिवारी- मिनी फ्लोर मिल (आटा चक्की), जितेन्द्र कुमार वर्मा- ई-रिक्शा तथा दुर्गेश चौरसिया- रेस्टोरेंट शामिल रहे।इसी क्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दर्जी ट्रेड के 05 लाभार्थियों आशा वर्मा, नूरजहां, पूजा कश्यप, शिवानी गुप्ता एवं गौरी को टूलकिट प्रदान की गई। योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके कौशल को आजीविका एवं स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर जनपद में उद्यम एवं रोजगार के क्षेत्र में योगदान देने वाले उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित उद्यमियों में श्री प्रीतम सिंधी- मेसर्स जय उद्योग, श्री श्यामल केसरवानी- मेसर्स श्री बाबा श्याम जी उद्योग प्रा.लि./राइस मिल, श्री उमेश चन्द्र अग्रवाल- मेसर्स कुमार मसाला उद्योग, श्री रजीउद्दीन खान- मेसर्स बलरामपुर दिल्ली बेकरी प्रा.लि. तथा श्रीमती ऋचा पाण्डेय- श्रीजा बुटीक शामिल रहे।शासन द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, पारंपरिक कारीगरों के कौशल को प्रोत्साहित करने तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर लाभार्थियों को योजनाओं का सदुपयोग करते हुए अपने उद्यम को आगे बढ़ाने तथा अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर भाकियू ने खोला मोर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जनपद के गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने आवाज बुलंद की है। यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बढ़नी के अध्यक्ष व सचिव को पत्र भेजकर बजाज शुगर मिल रुधौली (बस्ती) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पेराई सत्र 2025-26 में जनपद के किसानों द्वारा बजाज शुगर मिल रुधौली को गन्ना आपूर्ति की गई थी, लेकिन मिल प्रबंधन द्वारा अब तक संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया, जिससे हजारों किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

भाकियू जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को लेकर दो प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने मांग की है कि सिद्धार्थनगर के किसानों का पूरा गन्ना बजाज मिल के बजाय तुलसीपुर शुगर मिल को भेजने की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में विचाराधीन जनहित याचिका (वी.एम. सिंह बनाम स्टेट ऑफ यूपी) के निर्देशों का हवाला देते हुए 1996 से 2026 तक के विलंबित भुगतान पर किसानों को 15 प्रतिशत ब्याज दिलाने की मांग की गई है। पत्र के साथ समर्थन में ग्राम प्रधानों की सूची भी संलग्न की गई है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों का बकाया भुगतान अविलंब नहीं कराया गया, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।



## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 के तहत सुलह समझौते से निपटाए जाएंगे मामले

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता व सुलह परियोजना समिति के तत्वावधान में देशभर में एक अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0' चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ ने जनपद न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव (तृतीय) के निर्देशानुसार बताया कि अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, उपभोक्ता विवाद, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस और अन्य उपयुक्त दीवानी व सुलह योग्य आपराधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। आम जनमानस व वादकारियों को जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में पराविधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) के माध्यम से बैनर, पोस्टर और हैंडबिल वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने जनपदवासियों और वादकारियों से अपील की है कि वे अपने सुलह योग्य मामलों को मध्यस्थता केंद्र सिद्धार्थनगर में संदर्भित कराकर इस अभियान का लाभ उठाएं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सदर विधायक ने कराया सुंदरकांड पाठ और भंडारा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सदर विधायक श्यामधनी राही की ओर से जिला मुख्यालय स्थित हिंदू भवन स्टेशन रोड श्री राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में उपस्थित जनसमूह ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उनके जन्मदिन को पूरे देश में सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, जिला मंत्री फूलचंद जायसवाल, बालगोविन्द पाठक, युवा भाजपा नेता सत्यप्रकाश राही, मंडल अध्यक्ष नौगढ़ देहात सोनू गुप्ता, राकेश सिंह, बबलू पाण्डेय, सतीश वर्मा, अमितेश्वर शुक्ला, रवि पाण्डेय, अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



# दिबियापुर बस स्टेशन का आरएम ने किया औचक निरीक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम इटावा परिक्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव ने बुधवार को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) अर्पणा मीनाक्षी के साथ दिबियापुर बस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से कर्मचारियों में हलचल रही। करीब आधे घंटे तक उन्होंने स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आरएम ने परिसर की साफ-सफाई, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय और टिकट काउंटर का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को नियमित सफाई और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कर्मचारियों ने बताया कि स्टेशन तक जाने वाली सड़क संकरी होने के कारण बड़ी बसों के संचालन में दिक्कत आती है। वर्तमान में अधिकांश बसें फफूंद चौराहे से संचालित होती हैं। इस पर एआरएम वित्त ने बताया कि दिबियापुर स्टेशन से छोटी बसें चलाने की योजना बनाई जा रही है। मंजूरी मिलने के बाद जल्द संचालन शुरू किया जाएगा। आरएम ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित परिवहन निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी में लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) (भीम आर्मी) ने चार सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद स्थित ककोर मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने चार सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा! राजन गौतम

जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने बताया कि देश में हो रहे लगातार बहुजन समाज के लोगों के साथ मारपीट हत्यायें झूठे मुकदमा जमीनों पर कब्जे लगातार किये जा रहे है इन्हीं सब समस्याओं को लेकर आजाद समाज पार्टी ने पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे गए। जनपद गोंडा में विनोद साहनी एवं रमेश कोरी तथा जनपद




अयोध्या में रामलखन मौर्या की हत्या के बाद 13 सितंबर को पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के काफिले को बाराबंकी के थाना रामनगर क्षेत्र बुडवल में रोके जाने की बाद काफिले पर पथराव एवं हिंसक हमले की शिकायत सामने आई इसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें तथा वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। लखनऊ में इकोगार्डन में अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे पंचायत सहायकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा उनकी जायज मांगों पर सरकार दोबारा ध्यान दें 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाला संबंधी प्रकरण में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दिया गया आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रभावित आवर्तियों को नियमानुसार न्याय दिलाया जाए। जनपद सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिषद में स्थित मस्जिद और मुरादाबाद की मुस्तफा मस्जिद सहित अन्य इस्लामिक धर्म स्थलों के विरुद्ध राजनीतिक द्वेष के चलते सरकार द्वारा अवैध बताकर की जा रही कार्रवाई की निष्पक्ष समीक्षा की जाए और किसी भी धार्मिक स्थलों के प्रति द्वेष भावना न की जाए, इन सभी मांगों को लेकर संगठन का जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया है।

# चारपाई से गिरकर दिव्यांग युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरैंदी में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय दिव्यांग युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार पिपरैंदी निवासी मजदूर बलवीर सिंह का 18 वर्षीय पुत्र किंशु जन्म से दिव्यांग था। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे वह सोकर उठा और अपनी



मां मीना देवी को आवाज देकर शौच के लिए जाने की बात कही। चारपाई से उतरते समय उसका पैर उलझ गया और वह मुंह के बल जमीन पर गिर पड़ा। सिर व शरीर में गंभीर चोट लग गई।परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर लेकर पहुंचे जहां केंद्र अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया गया है कि मृतक का बड़ा भाई भी दिव्यांग है तथा दो बहनों का विवाह हो चुका है। पिता बलवीर सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# नुमाइश पंडाल में 19 सितंबर को सजेगा श्री राधाष्टमी महामहोत्सव



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। शहर के ऐतिहासिक नुमाइश पंडाल में आगामी शनिवार को श्री राधाष्टमी महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री गौर निताई परिवार (ब्रह्म मध्व गौड़ीय संप्रदाय) द्वारा किया जा रहा है। प्रसिद्ध सनातन धर्म प्रचारक पं. मनुपुत्र दास जी के विशेष सानिध्य में होने वाले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजक समिति की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। प्रेस वार्ता में बीकानेर एक्सप्रेस के मालिक अरविंद पोरवाल, जितेंद्र गौड़, विनोद पाल, अनिल त्रिपाठी प्रभु, देवेंद्र सक्सेना सहित श्री श्री गौर निताई परिवार के भक्तगण मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव भक्ति, संगीत, संकीर्तन और श्री राधा-कृष्ण की लीलाओं से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का विशेष संगम होगा।महोत्सव का शुभारंभ सायं 4 बजे हरिनाम संकीर्तन से होगा। प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों द्वारा राधा-कृष्ण के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद शंखध्वनि एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री राधारानी जी का भव्य महाभिषेक संपन्न होगा। सनातन संस्कृति और श्री राधा-कृष्ण की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।आयोजन में छप्पन भोग दर्शन विशेष आकर्षण रहेगा। राधारानी को समर्पित 56 प्रकार के दिव्य व्यंजनों का श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। राधाजी के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में बधाई एवं प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।महोत्सव में शामिल होने वाले भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए रात्रि 8 बजे से विशाल महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति एवं पं. मनुपुत्र दास ने इटावा तथा आसपास के क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोगों से सपरिवार महोत्सव में पहुंचकर राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

# विधायक रमाशंकर पटेल ने फल वितरित किए एवं झाड़ू लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मनाया जन्मदिन

प्रातः काल एक्सप्रेस

सुनील कुमार गुप्ता

मीरजापुर। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं उनके 25 वर्ष के सेवा, समर्पण एवं सुशासन के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया और अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर परिसर को साफ किया।विधायक ने कहा कि



प्रधानमंत्री के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चाहे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हो या देश के प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में देश ने विकास के साथ-साथ सुशासन, आत्मनिर्भरता और अंत्योदय की दिशा में नई गति प्राप्त की है। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मनीष सिंह, दिनेश सिंह, विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने नशा छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। नशा मुक्ति के लिए जायंट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली के सदस्यों द्वारा न्यू लाइफ हेल्थ केयर अस्पताल पुरोहितन टोला वाह अड्डा में लोगों को नशा छोड़ने के लिए जागरूक किया गया। अस्पताल के इंचार्ज डॉ वसीम अहमद के सहयोग से उपस्थित मरीजों व आस-पड़ोस में रहने वाले परिवारों से सम्पर्क किया व उन सभी लोगों को हर तरीके के नशे से होने वाले शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के विषय में समझाया, कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित ने बताया कि



नशा छोड़ना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। दृढ़ संकल्प और सही मदद से नई शुरुआत की जा सकती है। नशा कुछ पल का सुकून देता है, लेकिन जिंदगी भर का नुकसान कर सकता है। अपने परिवार, बच्चों और अपने सपनों के लिए नशे से दूरी बनाएं। उर्वशी द्विवेदी ने कहा किआज का छोटा-सा फैसला आपके आने वाले कल को बेहतर बना सकता है। प्रभारी डॉ वसीम अहमद ने कहा अपने स्वास्थ्य, सम्मान और खुशियों के लिए नशे को हमेशा के लिए अलविदा कहें। नशे से आज़ादी ही असली आज़ादी है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित फेडरेशन ऑफिसर संगीता अग्रवाल,अध्यक्ष विमल शर्मा, डीओए हेनू वर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, उर्वशी द्विवेदी, इंदिरा तिवारी, ऊषा भदोरिया, शारदा दीक्षित आदि सदस्य उपस्थित रहे। अन्त में सभी सदस्यों ने डॉ वसीम अहमद का आभार व्यक्त किया जिनकी वजह से हम इतना बड़ा कार्यक्रम कर सके।

# नई-किरण पहल से तीन परिवारों में हुआ सुलह-समझौता

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। मिशन शक्ति अभियान-5.0 के द्वितीय चरण के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तीन परिवारों के बीच सुलह-समझौता कराया गया। दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने के बाद आपसी सहमति से विवादों का समाधान कराकर परिवारों को बिखरने से बचाया गया।पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सीओ सिटी अवनीश कुमार के मार्गदर्शन में महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई हुई। इस दौरान महिला थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह, उपनिरीक्षक बृजेंद्र बहादुर सिंह, काउंसलर चित्रा परिहार, काउंसलर नमिता तिवारी, महिला आरक्षी एवं परिवार परामर्श केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।सदस्यों ने दोनों पक्षों की बात सुनकर आपसी संवाद एवं समझाइश के माध्यम से तीन मामलों में सुलह-समझौता कराया। इनमें रौशन खातून पत्नी नदीम उर्फ बब्लू, उमा पत्नी धर्मेन्द्र, तथा पूजा पत्नी मोहित, शामिल हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की कि छोटी-छोटी पारिवारिक समस्याओं को संवाद और आपसी समझदारी से सुलझाने का प्रयास करें। परिवार समाज की महत्वपूर्ण इकाई है, इसलिए विवादों को बातचीत के माध्यम से दूर कर रिश्तों को बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# इटावा संयुक्त प्रेस क्लब की 27 सितंबर को होगी बैठक



## पत्रकार साथियों की कोई समस्या हो तो लिख कर लाएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की बैठक 27 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 11बजे से 3 फ्लोर, बीकानेरी स्वीट्स,शास्त्री चौराहा पर होगी।जिन साथियों को अभी तक आई कार्ड नहीं मिला है,वह एक दो दिन में अपना नाम आधार कार्ड फोटो व्हाट्सएप पर भेज दीजिए।गुरुवार को क्लब के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित संयुक्त प्रेस क्लब पत्रकार साथियों के मान सम्मान के लिए निरंतर कार्यरत है। बैठक में संगठन के विस्तार सहित एक संघर्ष समिति के गठन पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष अनू चौरसिया ने कहा कि यदि किसी पत्रकार साथी की कोई समस्या है तो वह लिखकर लाए जिससे संबंधित अधिकारी से मिलकर उसका निराकरण कराया जा सके।संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के तत्वाधान में एक प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, विशाल पत्रकार सम्मेलन व सम्मान समारोह प्रस्तावित है।अतःआप सभी साथी बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव देकर पत्रकार एकता को मजबूती प्रदान करें। बैठक में क्लब के संगठन मंत्री रघुवीर यादव, प्रचार मंत्री नीतेश प्रताप सिंह व सौरभ दुबे मौजूद रहे।

# पत्थर गली के राजा गणपति महाराज का पीले पुष्पों से हुआ भव्य श्रृंगार व आरती

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बाल नव युवक संघ कमेटी द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है हर वर्ष की भाँति नखास कोहना पत्थर गली स्थित कन्या कुंज वैश्य धर्मशाला मे गणेश जी की मूर्ति रखी गई है रंग बिरंगे लाइटिंग से सजाया गया है,पीले पुष्पों से श्रंगार किया गया मगज के लड्डू फलो का भोग लगाया गया ,आरती के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शरद शांगुलु जी एवं महामंडलेश्वर टिना



मां द्वारा आरती कराई गई जिसके पश्चात कमेटी द्वारा दोनों लोग को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह सम्मानित किया गया शगुन भैया को भी अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह देखकरसम्मानित किया गया। लगातार धार्मिक सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है भक्त कतार लगाकर दर्शन कर रहे हैं और प्रसाद वितरण कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष आकाश चौरसिया, महामंत्री विभु केसरवानी, कोषाध्यक्ष यश केसरवानी,मंत्री अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश साहू,गुड्डन केसरवानी सागर यादव,तुषार साहू,अंकुर केसरवानी,इशू अग्रहरि,राम केसरवानी,एवं नखास कोहना खलीफा मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष शुभम केसरवानी,महामंत्री ओम प्रकाश अग्रहरि शगुन भैया एवं समस्त निवासीगण उपस्थित रहे।

# सिख समाज ने प्रधानमंत्री मोदी के पोर्ट्रेट को मिष्ठान स्पर्श कराकर मनाया जन्मदिन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह के नेतृत्व में सिख समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। लीडर रोड सहित कई जगह चौपाल लगाकर उनके पोर्ट्रेट को मिष्ठान स्पर्श कराकर प्रसाद वितरित किया गया।परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को विकास, सुशासन व आत्मनिर्भरता की नई गति दी है। मनु चावला ने वाहेगुरु से उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की अरदास की। सरदार पतविन्दर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की निरंतर कार्यशीलता करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा है। वे विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के शिल्पकार हैं।इस मौके पर कमल सिंह, जसविंदर सिंह नीटू, परमिंदर सिंह बंटी, कुलदीप सिंह खालसा, परमजीत सिंह बग्गा, सरदार पतविन्दर सिंह, मनु चावला, हरमनजीत सिंह, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह सहित सिख समाज के लोग।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

औरैया। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे थाना सहार पुलिस द्वारा वांछित/वारंटियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक नफर वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र केशव दयाल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम



हजियापुर थाना सहार जनपद औरैया को धारा 3(5)/115(2)/85/80(2)/238( ) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना सहार पुलिस ने वाँछित को उसके घर ग्राम हजियापुर से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। बताया जाता है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए हत्या कर शव जला दिया गया।

# छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान का ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज से हुआ शुभारंभ



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता एवं सदस्यता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, संघटक महाविद्यालय इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से हुआ। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने समाजवादी छात्र सभा की सदस्यता ग्रहण की।मुख्य अतिथि समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रयागराज प्रभारी अजय यादव सम्राट ने कहा कि छात्र-नौजवान देश-प्रदेश की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। शिक्षा, रोजगार, महंगाई, पेपर लीक, छात्रावास व बढ़ती फीस जैसे गंभीर सवालों पर सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा – 'युवा जागेगा तो व्यवस्था बदलेगी।' उन्होंने कहा कि समाजवादी छात्र सभा पीडीए विचारधारा व सामाजिक न्याय का संदेश हर छात्र तक पहुंचाएगी और 2027 को ध्यान में रखते हुए व्यापक जनसंवाद चलाया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव अभिषेक यादव, विकास यादव, विमलेश सरोज, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सूरज कुमार पासी, राहुल सरोज, मोहम्मद तालिब खान, इष्टदेव, आलोक तिवारी, छात्रा प्रमुख गरिमा चौधरी, इकाई अध्यक्ष शिवम पाल, इकाई प्रमुख प्रथम यादव, महासचिव नीरज राव पुष्कर, आदित्य कुमार पासी, विशाल यादव, अरमान अंसारी, सचिन कुमार, उपाध्यक्ष गौरव सिंह, निखिल, आयुष मिश्रा, सचिव सिंह, सचिन यादव, प्रणव चंद, रौनक कुशवाहा, आदर्श सिंह, आर्यन, विनय, नवनीत, अमन, अखिलेश, प्रमोद, दुर्गेश, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं।

### सीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, बड़ी संख्या में लाभार्थी हुए लाभान्वित

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 502 लाभार्थियों को टूलकिट

### स्वरोजगार योजना के 15 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख के चेक

रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस



लखीमपुर-खीरी, 17 सितंबर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री के 'विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला-2026' कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और टूलकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पीडी सतीश कुमार पांडे ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विधायक मंजू त्यागी और जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने डीएम अंजनी कुमार सिंह व सीडीओ योगानंद पाण्डेय के साथ किया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 502 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 15 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक दिए गए। कन्या विवाह योजना के तीन लाभार्थियों को 65-65 हजार तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के लाभार्थियों को 56-56 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए।

पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ लें श्रमिक रू नीरज वर्माक्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के अनुरूप सरकार समाज के सभी वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। श्रमिक श्रम विभाग में पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक तभी प्रभावी ढंग से पहुंचेगा, जब श्रमिक स्वयं जागरूक होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी लेने और समय से आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने पीएम के जन्मदिवस पर घर-घर दीप जलाने की भी अपील की।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, 263 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

### लगभग 79फीसदी हुआ मतदान

विधि संवाददाता/प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन,का वार्षिक चुनाव 2026-27 गुरुवार को सकुशल संपन्न हो गया। चुनाव में अध्यक्ष और महासचिव समेत विभिन्न पदों पर कुल 263 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान सुबह नौ बजे से शाम 5रु30 बजे तक हाईकोर्ट के क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ। चुनाव अधिकारीकरण का नेतृत्व मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी, सर्वेश लक्ष्मी कांत मिश्रा, वशिष्ठ तिवारी, राजकुमार शुक्ला और अनुभव शुक्ला ने किया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 11,728 रही, जबकि विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या 263 थी। मतदाताओं के लिए कुल 12,000 मतपत्रों का प्रकाशन कराया गया था। चुनाव के लिए 20 काउंटरों पर कुल 11,500 मतपत्र निर्गत किए गए। इनमें से 1,450 मतपत्र वापस हुए और लगभग 10,050 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव समिति के अनुसार विभिन्न काउंटरों से वापस हुए 1,450 मतपत्र और अयोग्य 500 मतपत्रों को मिलाकर कुल 1,950 मतपत्रों को मतदान स्थल पर ही नष्ट किया गया। इसके बाद चुनाव समिति ने अध्यक्ष और महासचिव पद के प्रत्याशियों अथवा उनके पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में इन 1,950 मतपत्रों को नष्ट किए गए मतपत्रों के लिए निर्धारित बॉक्स में सील कर दिया। मतदान केंद्र पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए चुनाव समिति की ओर से गठित सुपरवाइजरी कमेटी और सहायक चुनाव अधिकारियों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला पुलिस एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। चुनाव समिति ने मतदान प्रक्रिया में सहयोग करने वाले सभी प्रत्याशियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। समिति ने कहा कि कर्मचारियों के विशेष सहयोग से चुनाव दिन-रात मेहनत कर सकुशल संपन्न कराया जा सका।

## इफको फूलपुर संयंत्र में श्रद्धा के साथ हुआ विश्वकर्मा पूजन

### यांत्रिक कार्यशाला में विधि-विधान से पूजा, कर्मचारियों को प्रसाद वितरित



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फूलपुर। इफको फूलपुर संयंत्र के केंद्रीय कार्यशाला (यांत्रिक) में भगवान विश्वकर्मा की भव्य पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की गई। वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के. सिंह ने मुख्य यजमान राकेश कुमार राय के साथ गणपति एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा, हवन एवं आरती की।

भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकला एवं निर्माण का अधिष्ठाता माना जाता है। विश्वकर्मा पूजन श्रम, कौशल, तकनीक और निर्माण कार्य के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर इफको संयंत्र के विभिन्न विभागों एवं नैनो संयंत्र में मशीनों की पूजा-अर्चना की गई।

यांत्रिक कार्यशाला में अमरनाथ गुफा के हिम शिवलिंग बाबा बर्फानी का स्वरूप भी दर्शाया गया, जो कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम में महाप्रबंधक पी.के. पटेल, रतनेश कुमार, डॉ. अनीता मिश्रा, ए.के. गुप्ता, अरुण कुमार, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष शम्भू शेखर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी एवं महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको एम्प्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एवं महामंत्री विजय कुमार यादव तथा संयुक्त महाप्रबंधक एस.के. सिंह, आर.पी. यादव, संदीप गोयल, पी.के. त्रिपाठी, विनय विक्की, शैलेश शेरकर, संजय कुमार, आशीष कुमार सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 500 से अधिक छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

### नारायण स्वरूप हॉस्पिटल की ओर से स्वास्थ्य वार्ता, मासिक धर्म स्वच्छता और च्ब्व्ै पर दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नारायण स्वरूप हॉस्पिटल, मुंडेरा, प्रयागराज के तत्वावधान में गुरुवार को श्रीमती फूलपती इंटरमीडिएट कॉलेज, बमरौली, प्रयागराज में छात्राओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य वार्ता (भ्मंसजी ज्संा) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500-600 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।स्वास्थ्य वार्ता को डॉ. सोनिया सिंह (डठठै ळल्छ) ने संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म एवं इमदेजतनंस भ्लहपमदम द्ध च्ब्व्ै अनियमित पीरियड्स एवं मोटापा, सर्वाइकल कैंसर से बचाव, किशोरावस्था में शारीरिक एवं हार्मोनल बदलाव तथा मोबाइलध्सोशल मीडिया के स्वास्थ्य पर प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. सोनिया सिंह ने सरल एवं उपयोगी तरीके से उत्तर दिया। सवाल-जवाब का सत्र विशेष रूप से सराहनीय रहा और छात्राओं ने इसमें सक्रिय रुचि दिखाई।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज तिवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। नारायण स्वरूप हॉस्पिटल की ओर से जनरल मैनेजर मोहम्मद तौसीफ हसन एवं सुषमा सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं युवतियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य वार्ता का सत्र अत्यंत उपयोगी, संवादात्मक एवं सफल रहा।

## हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर 'उत्सव व आत्म-

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। हिंदी दिवस के अवसर पर नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज में 'हिंदी दिवस रू उत्सव या आत्म-मंथन' विषयक विचार गोष्ठी एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति और समाज के विविध आयामों पर गंभीर एवं सार्थक विमर्श हुआ। वक्ताओं ने हिंदी के व्यापक प्रयोग, उसकी सामाजिक प्रासंगिकता तथा नयी पीढ़ी को हिंदी की समृद्ध परम्परा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएचयू, वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने हिंदी के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जीवन से गहराई से जुड़ी भाषा है। हिन्दी को प्रतिष्ठित करने के लिए दूसरी भाषाओं को भी जानना जरूरी है। उन्होंने भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री मनीष मिश्रा ने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान करते हुए कहा कि हिंदी को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन और व्यवहार की भाषा के रूप में अधिकाधिक अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा का सम्मान उसके निरंतर और सहज प्रयोग से ही सुनिश्चित होता है। कुलपति प्रो. बृज बिहारी तिवारी ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी स्मृतियों, संवेदनाओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। उन्होंने हिंदी को ज्ञान, शिक्षा और रचनात्मक अभिव्यक्ति के व्यापक माध्यम के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह, निदेशक, गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, ने हिंदी की सामाजिक भूमिका पर विचार रखते हुए कहा कि किसी भी भाषा की जीवंतता उसके निरंतर प्रयोग और समाज से उसके गहरे जुड़ाव में निहित होती है। उन्होंने हिंदी को सामाजिक परिवर्तन और जनसंवाद की प्रभावी भाषा के रूप में देखने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने कहा कि अन्य भाषाओं का ज्ञान हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक है । प्रति-कुलपति डॉ. एस.सी. तिवारी ने कहा कि हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है। यह जैसे बोली जाती है, वही लिखी जाती है। उन्होंने युवाओं से हिंदी की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ने का आह्वान किया। मंच-संचालन डॉ. राजेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डीन ऐकेडमिक डॉ सव्यसाची ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के संयोजक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शेखर सिंह रहे। कुलसचिवएस.एस. मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, कवियों, साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। कवि सम्मेलन में विविध काव्य-विधाओं ने बाँधा समाँ

गोष्ठी के पश्चात् आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से सभागार को साहित्यिक संवेदना और रचनात्मक ऊर्जा से भर दिया। शैलेन्द्र मधुर, मुक्तक सम्राट राम कैलाश पाल 'प्रयागी', डॉ. आनंद श्रीवास्तव, डॉ. नीलम शर्मा, सुश्री शिल्पी सक्सेना, धनंजय शाश्वत, संगीता श्रीवास्तव एवं कार्तिकेय शुक्ल सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर किया। कवि सम्मेलन में मुक्तक, गीत, लोकगायन, नयी कविता, ओज, हास्य-व्यंग्य और गजल-गीत जैसी विविध काव्य-विधाओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष साहित्यिक रंग प्रदान किया। रचनाकारों की प्रस्तुतियों पर सभागार में बार-बार तालियों की गूँज सुनाई दी। कार्यक्रम का केन्द्रीय संदेश यही रहा कि हिंदी दिवस कैलेंडर की महज एक तारीख नहीं, बल्कि अपनी भाषा के साथ अपने रिश्ते को पुनः महसूस करने और आत्म-मंथन करने का अवसर है। हिंदी का वास्तविक उत्सव तभी सार्थक होगा, जब वह हमारे विचारों में सम्मान, शब्दों में सहजता और जीवन में निरंतर प्रयोग के रूप में उपस्थित रहे। सुहानी प्रजापति द्वारा स्वागत एवं राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर विगत एक सप्ताह में आयोजित काव्य-पाठ में मांशी यादव, वाद-विवाद प्रतियोगिता में आकाश त्रिपाठी तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में मार्कण्डेय प्रथम रहे। कार्यक्रम में शिक्षकगण, शोधार्थी, एवं छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन, यमुना परिसर में किया गया वृहद वृक्षारोपण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 17 सितंबर। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय एवं भारतीय स्टेट बैंक, सिविल लाइंस के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ सामाजिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति भी संवेदनशील है। टीबी गंभीर लेकिन उपचार योग्य बीमारी है। उचित पोषण, नियमित दवा और सकारात्मक सोच इसके उपचार में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने टीबी मुक्त भारत के संकल्प में सभी से सहभागी बनने की अपील की।

वित्त अधिकारी पूनम मिश्रा ने मरीजों का उत्साह बढ़ाते हुए नियमित जांच, दवा का पूरा कोर्स और संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया। राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय के मेजर डॉ. एसके सिंह ने टीबी के लक्षण, बचाव, उपचार और पोषण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से निःशुल्क जांच, दवा और निक्षय पोषण योजना के तहत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

एसबीआई की शाखा प्रबंधक गरिमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर स्वयं पोषण पोटली वितरित की।

कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा ने किया। संचालन प्रो. मीरा पाल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी तथा राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय से अशोक कुमार शुक्ला और शिवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में कृषि विज्ञान विद्या शाखा की ओर से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## नवोदय में छात्रों का फूटा गुस्सा, 150 छात्रों ने किया भोजन का बहिष्कार

### हॉस्टल में सांप-बिच्छू आने और इलाज की सुविधा न मिलने का आरोप, पूर्व मंत्री प्रदीप जैन ने प्रबंधन को दी दो टूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। बरुआसागर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार रात कक्षा 9 से 12 तक के अरावली और शिवालय हॉस्टल के करीब 150 छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध जताते हुए खुद को हॉस्टल में बंद कर लिया। छात्रों ने लाइटें बंद कर रात के भोजन का भी बहिष्कार किया। छात्रों ने विद्यालय प्रबंधन पर समस्याओं की अनदेखी और शिकायत करने पर टीसी काटने की धमकी देने के आरोप लगाए।

हंगामे की सूचना पर रात करीब 11 बजे एसडीएम सदर देवेंद्र प्रताप सिंह, एसीएम प्रशासन शिवप्रताप शुक्ला, सीओ टहरौली रक्षपाल सिंह और थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने देर रात तक छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनकी प्रमुख मांगों में प्रधानाचार्य को हटाना और निष्कासित किए गए दो छात्रों को वापस लेने की मांग शामिल रही।

गुरुवार को मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन श्आदित्यश विद्यालय पहुंचे और छात्रों से



बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्रों ने बताया कि हॉस्टल के आसपास झाड़ियां और घास उगी होने के कारण सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े कमरों तक पहुंच जाते हैं। छात्रों ने बीमारी की स्थिति में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध न होने की शिकायत भी की। कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें टीसी काटकर विद्यालय छोड़ने के लिए कहा जाता है। अभिभावकों के साथ कथित अभद्र व्यवहार की बात भी छात्रों ने पूर्व मंत्री के सामने रखी।

छात्रों की शिकायतें सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने प्रशासनिक कार्यालय के बाहर धरना देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। जिलाधिकारी के निर्देश पर पीडी राजेश कुमार भी विद्यालय पहुंचे। उनके साथ कार्यवाहक प्राचार्य पी.पी. पाण्डेय उर्फ प्रभाकर प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व मंत्री और पीडी के बीच बातचीत हुई।

बाद में विद्यालय प्रबंधन की ओर से 7 से 10 दिन के भीतर हॉस्टल परिसर की सफाई, चिकित्सक की व्यवस्था, अभिभावकों से सम्मानजनक व्यवहार और अन्य शिकायतों के समाधान का लिखित आश्वासन दिया गया। एडीएम प्रशासन ने भी पूरे मामले की जांच कर दोष पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही। फिलहाल उप-प्रधानाचार्य प्रभाकर प्रसाद पाण्डेय को प्रधानाचार्य का प्रभार सौंपा गया है। आश्वासन के बाद छात्रों ने अपना विरोध समाप्त कर दिया।

इस दौरान राजेंद्र शर्मा, अखिलेश गुरुदेव, बलवान सिंह यादव, आसू ठाकुर अमीरचंद, अवधेश तिवारी, डॉ. महादेव बाजपेई, प्रमोद राय, मुकेश अग्रवाल, आलोक सोनी, आनंद विरथरे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आशीर्वाद के दीपों से जगमगाया इलाईट चैराहा, 'प्रयास' ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था 'प्रयास रू सभी के लिए' की ओर से भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्ज्वलित कर जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के नेतृत्व एवं अध्यक्ष के.डी. गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर बिहारी लाल आर्य तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि मौजूद रहे। इस दौरान झांसी के प्रमुख इलाईट चैराहे को आशीर्वाद के दीपों से आलोकित किया गया।संध्या के समय एक-एक कर दीप प्रज्ज्वलित होने के साथ पूरा इलाईट चैराहा रोशनी से जगमगा उठा। दीपों की यह ज्योति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना के साथ राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य, समृद्धि और विकास का संदेश देती नजर आई। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सक्रिय जीवन की कामना की। इस अवसर पर लड्डू खिलाकर एवं वितरित कर जन्मदिवस की खुशियां साझा की गईं।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कहा कि दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से विकास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र की प्रगति के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना करते हुए कहा कि भारत निरंतर प्रगति करे, विश्व पटल पर देश की प्रतिष्ठा बढ़े तथा प्रत्येक भारतीय के जीवन में सुख, समृद्धि और सम्मान का प्रकाश पहुंचे, इसी मंगलभावना के साथ दीप प्रज्ज्वलित किए गए।कार्यक्रम में रामकुमार लोहिया, रामबाबू शर्मा, बैदेही शरण सरावगी, सरिता अग्रवाल, साधना पटवारी, निधि अग्रवाल, रजनी गुप्ता, मधु पासी, बीपी नायक, प्रमोद चड्ढा, नीरू पाण्डेय, ऋषि लोहिया, संजय बाजपेयी, सुभाष पुरवार, अरुण खरे, पवन नैयर, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, डीएस अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सुनील लोहिया कोंच वाले, रामकुमार अग्रवाल यूको बैंक, रवि पाण्डेय, लखन पटवारी, विनय व्यास, आरपी मोदी, एचएन शर्मा, राकेश मेहरोत्रा, उमाशंकर राय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल पीएनबी रहे। संचालन महामंत्री नवीन श्रीवास्तव ने किया। अंत में कोषाध्यक्ष दिनेश चैरसिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कलेक्ट्रेट में सजी विकास की तस्वीर, प्रदर्शनी में दिखी जनसेवा से देशसेवा की विकास यात्रा

### सेवा संकल्प अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ, जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित



डॉएर्ईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी, 17 सितंबर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासपरक परियोजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा' के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदर्शनी आयोजित की गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।प्रदर्शनी मेंप्रदेश स्तर पर जनहित में संचालित विभिन्न-कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों को चित्रों एवं सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही विभिन्न-योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।शुभारंभ के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित सामग्री के माध्यम से प्रदेश में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी सार्थक है, जब उसका लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों को योजनाओं की समुचित जानकारी हो। इस दृष्टि से प्रदर्शनी जनजागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है।सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की पहल कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।प्रदर्शनी में प्रदेश की विकास यात्रा और जनहित में किए जा रहे कार्यों की झलक एक ही स्थान पर देखने को मिल रही है।

# धूमधाम से मना भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस, बुजुर्गों का सम्मान, पुस्तकालय का हुआ शिलान्यास

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मुजफ्फरनगर। भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को विश्वकर्मा मंदिर रामपुरी में महोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह 8 बजे पंडित अरविंद धीमान ने हवन-यज्ञ कराया। यजमान के रूप में अनुज धीमान सपत्नीक व मोहित पांचाल सपत्नीक रहे।

मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप रहीं। अध्यक्षता रामपाल धीमान ने की, संचालन मुकेश धीमान व देशपाल पांचाल ने किया।? समारोह में समाज के पांच वरिष्ठ बुद्धिजीवियों बाबूराम पांचाल, मास्टर ओम सिंह धीमान, पूर्व सभासद सोमदत्त जांगिड़, मंगल सिंह जांगिड़ व सुरेश धीमान को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपनी निधि से बनने वाले पुस्तकालय का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री जगदीश पांचाल, प्रधान मुकेश धीमान, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश धीमान, देशपाल पांचाल, अश्वनी पांचाल, पूर्व सभासद जनार्दन विश्वकर्मा, सभासद रजत धीमान, डॉ. रविदत्त शर्मा, ईश्वर धीमान, अशोक धीमान, पवन पांचाल, राजेश धीमान, एसके भारद्वाज, तेजपाल पांचाल सहित सैकड़ों लोग।




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कराया सुंदरकांड पाठ



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मुजफ्फरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मुजफ्फरनगर सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने आशीर्वाद बैंकट हॉल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की गई।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, तपस्या, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले मोदी आज देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर राष्ट्रसेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगभग 13 वर्षों तक गुजरात के विकास एवं जनकल्याण के लिए कार्य किया। इसके बाद वर्ष 2014 में देश की जनता ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में सेवा का अवसर दिया। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए पद व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की जनता की सेवा का माध्यम है। उनका जीवन भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सभी को राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह तक विभिनन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें जनसेवा, जनकल्याण, सामाजिक सरोकार और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यक्रम शामिल होंगे। सुंदरकांड पाठ के दौरान प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं ऊर्जावान जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंसः कुर्क सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन, पुनः बोर्ड स्थापित



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। माफियाओं व संगठित अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सहारनपुर पुलिस ने थाना मिर्जापुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 83/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में गैंग लीडर हाजी इकबाल उर्फ बाला द्वारा अवैध रूप से अर्जित कर कुर्क की गई संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन में पाया गया कि कुछ स्थानों पर कुर्की के बोर्ड अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त/हटा दिए थे। पुलिस ने तत्काल बोर्डों को पुनः स्थापित कर सुरक्षा व प्रभावशीलता सुनिश्चित की। बोर्ड हटाने वालों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कुर्क संपत्तियों का अवैध उपयोग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

# जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में मनाया गया विश्वकर्मा दिवस

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर । जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र दिल्ली रोड सहारनपुर के निकट वुड क्राफ्ट डिजाइन एवं डेवलपमेंट सोसाइटी के हॉल में विश्वकर्मा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुम्बर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के अंतर्गत रोजगार एवं प्रशिक्षण दिये जाने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत हलवाई, सुनार एवं दर्जी की टूलकिट का वितरण किया गया साथ मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया तथा श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त उद्योग, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त उद्योग सहित सहायक श्रम आयुक्त एवं उद्यमीगण उपस्थित रहें।

# सहारनपुर में 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ, रक्तदान शिविर में जनप्रतिनिधियों ने लिया भाग

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**




सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के जनसेवा काल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने व 'विकसित भारत-2047' के संकल्प से जोड़ने के लिए सहारनपुर में 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया गया। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा व जनकल्याण कार्यक्रम होंगे। ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुम्बर, महानगर अध्यक्ष शीतल विशनेई, जिला अध्यक्ष अजीत राणा सहित जनप्रतिनिधियों ने किया। विधायक राजीव गुम्बर ने स्वयं रक्तदान कर प्रेरित किया। मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन व जनकल्याण में बड़े परिवर्तन हुए हैं। रक्तदान मानव सेवा का प्रत्यक्ष उदाहरण है। बाद में टीबी सेनेटोरियम में मरीजों को फल वितरित किए गए। महिला चिकित्सालय में नवजातों को जन्म प्रमाण पत्र व मरीजों को फल दिए गए।'सेवा दिवस' पर शाम 7 बजे जिले की सभी चिकित्सा इकाइयों ण्ण, इ्ण, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, टीबी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में मिट्टी के दीये जलाए जाएंगे। सीएमओ डॉ. शेर सिंह कक्कड़ के निर्देशन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर लगेंगे।

# अहंकार को त्यागकर विनम्रता अपनाना ही उत्तम मार्दव धर्म : पंडित तनिष्क जैन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना में चल रहे 10 लक्षण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की गई। इस अवसर पर पंडित तनिष्क जैन ने उत्तम मार्दव धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि अहंकार को समाप्त करना ही मार्दव धर्म है। अहंकार आत्मिक उत्थान में बाधक होता है, इसलिए मनुष्य को अपनी वाणी और व्यवहार में सदैव विनम्रता रखनी चाहिए। विनम्र व्यक्ति सभी का प्रिय होता है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना की गई। आज की शांतिधारा मनु जैन द्वारा की गई। रात्रि में शास्त्री जी द्वारा धार्मिक प्रशनेत्तर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशनेत्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिनेंद्र जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर राकेश जैन,जिनेंद्र कुमार जैन,तरसेमचंद जैन, श्रेयांश जैन,अनूप जैन,अनुपम जैन,नितिन जैन,सौरभ जैन, अंकुर जैन,अनमोल जैन,रक्षित जैन,साधना जैन,वर्षा जैन, रजनी जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शाकुंभरी झंडा मेले की तैयारियों को लेकर स्थलीय निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं का जायजा



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। शाकुंभरी झंडा मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पनन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बेहट द्वारा उपजिलाधिकारी बेहट एवं पुलिस-प्रशासनिक टीम के साथ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मिर्जापुर सहित संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस-प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# जिला जज, डीएम एवं एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर । जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को भी परखा। बंदियों से संवाद कर उनका हाल-चाल लेते हुए जेल प्रशासन द्वारा प्रदत्त कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जनपद न्यायाधीश ने बंदियों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की विधिक या कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो वह इसके लिए बिना किसी संकोच के बता सकते हैं। शासन द्वारा आपको निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उनके द्वारा चिकित्सालय, मैस और बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला जेल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु अंदर नहीं आनी चाहिए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहारनपुर में अवैध कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद, एईंके नोटिस के बाद भी बेहट रोड पर प्लॉट बिक्री जारी

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। सहारनपुर विकास प्राधिकरण की सख्ती के बावजूद अवैध कॉलोनियों का कारोबार थम नहीं रहा है। ताजा मामला जोन-3 का है, जहां बेहट रोड पर देवला में राधास्वामी सत्संग व्यास भवन के बराबर ऑन रोड खेती की जमीन पर बिना



नक्शा पास कराए कॉलोनी काटी जा रही है। सूत्रों के अनुसार भू-उपयोग कृषि का है, बावजूद इसके लेआउट स्वीकृत कराए बिना प्लॉट बेचे जा रहे हैं। मौके पर ऑफिस बनाकर दलाल बैठाए गए हैं। फोटो में खेत के बीच टेबल-कुर्सी पर सौदेबाजी और सौंदर्यीकरण के लगाए गए पौधे साफ दिख रहे हैं, जो डेवलपमेंट जारी होने का सबूत हैं। एईं ने पार्टनर योगेश बंसल आदि को नोटिस दिया था और बुलडोजर कार्रवाई भी की थी, लेकिन कुछ दिन बाद फिर प्लॉटिंग शुरू हो गई।

एईं की कार्यप्रणाली पर 3 सवाल – नोटिस के बाद बिक्री कैसे? जोन-3 ंकी निगरानी कहां? कार्रवाई के बाद दोबारा निगरानी क्यों नहीं?

नियमतः कृषि भूमि पर बिना लैंड यूज चेंज व लेआउट पास कराए प्लॉट खरीदना जोखिम भरा है – नक्शा पास नहीं होगा, लोन नहीं मिलेगा, सीलिंग का खतरा बना रहेगा। एईं अधिनियम में इईं व ध्वस्तीकरण का प्रावधान है।

नागरिकों को सलाह है कि बेहट रोड-देवला में प्लॉट लेने से पहले एईं में लेआउट की वैधता जरूर जांच लें।

# बेहतर पुलिसिंग कार्यों पर एसपी ने शहर कोतवाल को किया सम्मानित

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । पुलिस लाइन स्थित मां विंध्यवासिनी सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की अध्यक्षता में मासिक अपराध एवं कानून व्यवस्था समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी में जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था तथा पुलिस कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई इस दौरान थाना कोतवाली शहर प्रभारी दया शंकर ओझा द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की पुलिस अधीक्षक ने सराहना की। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य करते हुए अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



# छड़ी शोभायात्रा के दौरान हुई मारपीट और पथराव के मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



चिलकाना। थाना चिलकाना पुलिस ने दैनिक कार्यों में बाधा डालने, मारपीट, पथराव और लोगों को डराने-धमकाने के मामले में वांछित 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक नरेंद्र सोलंकी की लिखित तहरीर के आधार पर एक-दूसरे के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने और पथराव करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पथराव और मारपीट के कारण आम लोगों में भय का माहौल उत्पनन्न हुआ तथा मौके पर भगदड़ की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने घटनास्थल से ईंट-पत्थर और भगदड़ के दौरान छूटी चप्पल आदि भी बरामद की थीं। मामले में संबंधित धाराओं के साथ 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद थाना प्रभारी अक्षय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विकास, मयंक, नितिन, प्रमोद, विश्वास, विशाल, बंटी, सुलेख और सतीश, सभी निवासी ग्राम पटना, को गोगामेड़ी पटना के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि 16 सितंबर को ग्राम पटना में छड़ी पूजन के बाद निकाली जा रही छड़ियों की शोभायात्रा के दौरान छड़ी उठाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ, जिससे मेले के क्षेत्र में भगदड़ और अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया था। पुलिस ने मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए सभी 9 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## 5 महीने में क्यों हुआ

# ईशा रिखी

## और बादशाह का तलाक? 'बिग बॉस 20' में किया सबसे बड़ा खुलासा



रैपर बादशाह और उनकी एक्स वाइफ ईशा रिखी का रिश्ता लंबे वक्त से चर्चा में है. दोनों की शादी का खुलासा 5 महीने पहले ही हुआ था, लेकिन फिर पता लगा कि चीजें बिगड़ गई हैं. साथ ही दोनों अब अलग होने का ऑफिशियल ऐलान कर चुके हैं. यूं तो ईशा रिखी इस वक्त 'बिग बॉस 20' का हिस्सा हैं, साथ ही शुरुआत में कहा था कि उस रिश्ते को लेकर बातचीत नहीं करेंगी. पर कुछ ही दिन बाद ईशा ने तलाक की वजह बता दी है. वैसे तो ईशा ने कनिका को एग्जाम्पल देकर समझाया है, पर रिश्ता टूटने के पीछे बादशाह को वजह बताया है.

पंजाबी एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 20' कंटेस्टेंट ईशा रिखी ने रिश्ते और शादी को लेकर कई हैरान करने वाले खुलासे किए हैं. ईशा ने बताया कि उस रिश्ते के दौरान उन्हें किस तरह के दर्द और धोखे से गुजरना पड़ा था. जब वो इस रिश्ते में थीं, तो चीजें वैसी नहीं थीं जैसी बाहर से नजर आ रही थीं. उनके साथ झूठ बोला गया और वो




लंबे समय तक एक टॉक्सिक माहौल में रहीं.

**ईशा ने बादशाह को लेकर क्या कहा ?**

बिग बॉस 20 के हालिया एपिसोड में, ईशा को कनिका से शादी को लेकर बात करते हुए देखा. वो कहती दिखीं– अगर कोई आकर मुझसे कहे कि कनिका ऐसी–ऐसी है, तो मैं तब तक उनकी बात पर यकीन नहीं करूंगी जब तक मैं खुद न देख लूं.

मैं ऐसी ही हूं. रिश्तों के मामले में भी मेरा यही रवैया है. अगर कोई आकर मुझसे कुछ भी कहेगा, तो मैं उनसे कहूंगी, 'या तो मुझे सबूत दो, या फिर मेरे दिमाग के साथ खेलना बंद करो. जिसके बाद ईशा ने इशारा किया कि भले ही रिश्ते के दौरान उन्हें कुछ शक हुआ हो, लेकिन उन्होंने तब तक उन पर यकीन नहीं किया जब तक उन्होंने खुद चीजें नहीं देख लीं.

वो आगे कहती हैं, जब रिश्ता खत्म होता है, तब आपको एहसास होता है कि पूरे समय आपके साथ धोखा हो रहा था. जब कनिका ने उनसे पूछा कि उसे किस तरह के धोखे का सामना करना पड़ा? फिजिकल, इमोशनल या सोशल?'.तो ईशा ने जवाब देने से पहले थोड़ा रुककर कहा, ये सभी.

**बादशाह के साथ रिश्ता था टॉक्सिक ?**

ईशा ने कहा कि: बीच में लटके रहना बहुत टॉक्सिक होता है. यह ऐसा है जैसे मैं तुम्हें यकीन दिलाऊं कि तुम मेरी बेस्ट फ्रेंड हो. मैं तुम्हारे साथ बेस्ट फ्रेंड जैसा बर्ताव कर रही हूं. तुम्हें बेस्ट फ्रेंड की तरह जगहों पर ले जा रही हूं, लेकिन फिर तुम्हें पता चलता है कि तुम असल में कभी मेरी बेस्ट फ्रेंड थी ही नहीं. उन्हें अपने पार्टनर के सोशल सर्कल के सभी लोगों से नहीं, बल्कि सिर्फ कुछ खास लोगों से ही मिलवाया गया था.



# तनीषा मुखर्जी

## ने शादीशुदा पुरुषों से अफेयर करने वाली महिलाओं पर साधा निशाना, बोलीं- ये फेमिनिज्म नहीं है

बॉलीवुड एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं. वैसे तो फिल्मों से लंबे समय से दूर हैं. लेकिन अपनी राय रखना नहीं भूलती हैं. इस वक्त एक्ट्रेस ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से हर तरफ उनकी चर्चा हो रही है. दरअसल, तनीषा ने शादीशुदा पुरुषों के साथ अफेयर रखने वाली महिलाओं को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसके बाद इस मुद्दे पर बहस छिड़ गई है. तनीषा ने कहा कि ऐसी महिलाएं फेमिनिस्ट नहीं हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं के खिलाफ हैं.उन्होंने ऐसी महिलाओं को ईविल यानी गलत बताते हुए यह भी सवाल उठाया कि क्या उन्हें बच्चों के लिए रोल मॉडल माना जाना चाहिए. उनके इस बयान पर कई लोगों ने रिएक्ट भी किया है. चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं कि तनीषा के इस बयान पर किसने क्या कहा है?




**तनीषा ने किया एक्स पर पोस्ट**

तनीषा ने एक्स पर लिखा, मेरे विचार– जो महिलाएं शादीशुदा पुरुषों के साथ अफेयर करती हैं, वे फेमिनिस्ट नहीं हैं. बल्कि वे महिलाओं के खिलाफ हैं! क्योंकि किसी के पति के साथ रहना उसकी पत्नी का अपमान करना है. इसके लिए पुरुष भी जिम्मेदार है. उसमें चरित्र की कमी है और जो महिलाएं शादीशुदा पुरुषों के पीछे जाती हैं, वे बस गलत हैं. उन्हें हमारे बच्चों के लिए रोल मॉडल नहीं होना चाहिए. मैंने जो कहा, वो कहा.

**तनीषा के बयान पर लोगों की राय**

तनीषा की इस पोस्ट पर कई लोगों ने अपनी राय रखी है. एक एक्स यूजर ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए लिखा, बिल्कुल, जो भी जानबूझकर किसी की शादीशुदा जिंदगी बर्बाद करता है, उसे उसके जेंडर की परवाह किए बिना सवालों के घेरे में लाया जाना चाहिए. मेरी सलाह है कि शादीशुदा लोगों से दूर रहें. इतनी बड़ी आबादी है, मुझे पूरा भरोसा है कि हम सभी को कोई न कोई सिंगल इंसान मिल सकता है.

## यहीं पटक कर फेंक दूंगा साइड में...अरिशफा खान को स्काउट की धमकी, कैप्टेंसी टास्क में बवाल




बिग बॉस 20 शुरु हुए कुछ ही दिन हुए हैं और घर में घमासान देखने को मिल रहा है. अब तक कई कंटेस्टेंट्स आपस में लड़ चुके हैं. जैसे–जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे–वैसे घर के सदस्यों के बीच मुकाबला भी तेज होता जा रहा है. अब कैप्टंसी टास्क के दौरान कुछ ऐसा देखने को मिला, जिसने घर का माहौल गरमा दिया है. टास्क के बीच अरिशफा खान और स्काउट के बीच बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली है.

कैप्टेंसी की रेस में आगे निकलने की कोशिश कर रहे कंटेस्टेंट्स के बीच जमकर बहस हुई है. लेकिन अरिशफा और स्काउट में काफी ज्यादा बहस देखने को मिली. इस बीच स्काउट ऊर्फ तन्मय ने अरिश्फा को धमकी तक दे डाली है, जिसके बाद बाकी कंटेस्टेंट्स ने भी तन्मय को गलत बताया है. चलिए जानते हैं आखिर पूरा मामला क्या है?

**स्काउट ने दी अरिशफा को धमकी**

दरअसल, बिग बॉस के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो सामने आया है. इसमें स्काउट और अरिशफा के बीच तीखी बहस होती नजर आ रही हैं. प्रोमो में देखने को मिला है कि, बिग बॉस ने घरवालों को कैप्टेंसी टास्क दिया है, जिसमें लड़कियों को लड़कों को रंगना है. इसी टास्क के दौरान अरिशफा और स्काउट के बीच टकराव देखने को मिलता है. दोनों पहले एक दूसरे को काफी कुछ बोलते हैं. लेकिन इस बीच स्काउट अरिशफा को कहता है कि, यहीं पटक कर फेक दूंगा साइड मेंज. इतना ही नहीं स्काउट अरिशफा को उकसाने के लिए उन्हें बच्ची भी कहते हैं.

अरिशफा भी शांत नहीं रहती हैं और वो स्काउट पर पर्सनल कमेंट करते हुए कहती हैं कि, आपको गेमिंग के अलावा कुछ नहीं आता है. बता दें कि, ये लड़ाई इतनी बढ़ गई है कि स्काउट रोते हुए भी नजर आए हैं. अब आज यानी 15 सितंबर को आने वाले एपिसोड में देखना होगा कि आखिर मामला कहां तक जाता है.

## अजय देवगन की वो फिल्म, जिसके लिए माही विज थी पहली पसंद, बात बिगड़ी और करीना कपूर को मिला रोल




सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में खूब ड्रामा देखने को मिल रहा है. टास्क में लड़ाई झगड़े से लेकर किचन तकज घर में दो ग्रुप बंट गए हैं. इन सबके बीच टीवी एक्ट्रेस माही विज एकदम फ्रंट फुट पर खेल रही हैं. जो इस साल की पॉपुलर कंटेस्टेंट हैं. खुद सलमान भी खुलासा कर चुके हैं कि उन्हें कई सालों से शो ऑफर हो रहा था, पर वो इस साल आने के लिए राजी हुई हैं. माही विज ने न सिर्फ टीवी पर काम किया है, बल्कि फिल्मों में भी उन्हें देखा गया है. हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें अजय देवगन की फिल्म 'युवा' ऑफर हुई थी, पर बाद में वो रोल करीना कपूर ने किया.

माही विज ने 'बिग बॉस 20' में खुलासा किया कि उन्हें मणिरत्नम की 'युवा' में करीना कपूर खान वाला रोल करने के लिए चुना गया था. 15 सितंबर वाले एपिसोड में माही विज ने यह बात बताई. जब वो कनिका मान से बात कर रही थीं. साथ ही हिट म्यूजिक वीडियो में काम करने के बाद टीवी में काम करने की वजह का भी खुलासा किया.

**माही विज ने किया बड़ा खुलासा**

'बिग बॉस 20' के 10वें एपिसोड के दौरान माही विज ने कहा कि मुंबई आते ही मुझे मिल गया म्यूजिक वीडियो पिंक ड्रेस वाला, 'तू तू है वही'. फिर लाइन से बहुत सारे म्यूजिक वीडियो थे. सारे हिट किए मैंने. म्यूजिक वीडियो खत्म हो गए, फिर मैंने साउथ फिल्में कीं प्रभुदेवा के साथ. फिर मैंने की ममूटी के साथ. वहां से मैं फाइनल हुई थी 'युवा' के लिए. मणिरत्नम ने मुझे 'युवा' के लिए सेलेक्ट किया. करीना वाले रोल के लिए, विवेक ओबेरॉय के साथ. वहां इक्वेशन थोड़ी खराब हो गई किसी के साथ. फिर वापस आ गई इधर मुंबई. 2–3 फिल्में कैंसिल हो गई, फिर मैंने सोचा टीवी करूंगी. हालांकि, एक्ट्रेस की किसके साथ बात बिगड़ी, उनके नाम का खुलासा नहीं किया है.

दरअसल माही विज को कलर्स टीवी के शो 'लागी तुझसे लगन' में नकुशा के किरदार से घर–घर में पहचान मिली थी. वो 'झलक दिखला जा' के चौथे सीजन में भी हिस्सा ले चुकी हैं. वहीं, रियलिटी शो 'नच बलिए 5', 'बालिका वधू' और 'सहर होने को है' में भी काम किया. इसी साल मई में उन्होंने शो छोड़ दिया था, अब बिग बॉस 20 में पहुंची हैं.

**कब आई थी फिल्म 'युवा' ?**

साल 2004 में मणिरत्नम की फिल्म 'युवा' आई थी. जिसमें अजय देवगन , अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, रानी मुखर्जी , करीना कपूर और ईशा देओल ने काम किया था. पिक्चर में करीना ने मीरा का किरदार निभाया, जो कानपुर जा रही एक लड़की होती है और अर्जुन की प्रेमिका बनी दिखती हैं. यही रोल पहले माही विज को मिला था.

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर ष्टरू भजनलाल शर्मा ने दी बधाई, बोले- देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा

एजेंसी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता की ओर से देश के 140 करोड़ लोगों के प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री को राष्ट्र सेवा, सुशासन और जन-कल्याण के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बताते हुए उन्हें हर व्यक्ति का मार्गदर्शक कहा। सीएम शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल अगुवाई में देश विकास, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए शुभकामनाओं का दीप जलाते हुए उनके उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की कामना करनी चाहिए।

## इंदौर में जर्जर मकान तोड़ते समय गिरी दीवार, मलबे में दबने से चार महिलाओं की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में सांवेर के टशन चौराहे के पास एक पुराने जर्जर मकान को तोड़ते समय उससे लगे दूसरे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार की चपेट में आने से वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर परिषद की टीम ने जेसीबी से मलबा हटाकर रेस्क्यू किया। मामले में मकान मालिक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी मिलने पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी मृतकों के परिजन को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांवेर के सभी जर्जर मकानों को चिन्हित कर तोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार, सांवेर के टशन चौराहे के पास बुधवार शाम करीब चार बजे एक जर्जर मकान तोड़ा जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह बिल्डिंग 'नेताजी' के नाम से प्रसिद्ध है। इसे तोड़ते समय पास के दूसरे मकान की पुरानी और जर्जर दीवार ढह गई। इसके नीचे मजदूर दब गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

## दिवंगत अधिवक्ताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी मुख्यमंत्री ने, परिवार को दिया आर्थिक संबल

**गोरखपुर।** हर जरूरतमंद के साथ आत्मिक संवेदना रखते हुए भरपूर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत अधिवक्ताओं आलोक कुमार अस्थाना और संजय सिंह के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया। दोनों अधिवक्ताओं की 6 सितंबर को आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दुखद मृत्यु हो गई थी। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने दोनों अधिवक्ताओं के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को 15-15 लाख रुपये के चेक सौंपे। कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री राप्तीनगर विस्तार कॉलोनी में दिवंगत अधिवक्ता आलोक कुमार अस्थाना के घर पहुंचे। यहां उन्होंने स्मृतिशेष अस्थाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों को 10 लाख रुपये की धनराशि का चेक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से तथा 5 लाख रुपये का चेक अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान किया। इसके बाद वह शक्ति नगर में दिवंगत अधिवक्ता संजय सिंह के घर गए। उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संजय सिंह के परिवार को 10 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से तथा 5 लाख रुपये की धनराशि अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान की।

## पंचायत सहायकों को मुख्यमंत्री योगी की बड़ी सौगात, मानदेय में 50 फीसदी की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 57 हजार से अधिक पंचायत सहायकों को बड़ी सौगात दी है। उनके मानदेय में तीन हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अभी पंचायत सहायकों को छह हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं, जिसे बढ़ाकर नौ हजार रुपये किया जाएगा। इस तरह मानदेय में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही पंचायत सहायकों को सेवा सुरक्षा, कैशलेस उपचार और महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा भी मिलेगी। पंचायत सहायकों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता के बाद पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पंचायत सहायकों के प्रतिनिधियों से बातचीत की और उन्हें बुलाया।

# हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए: सीएम

## सीएम ने दिया भरोसा, हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार

एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

**हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए: सीएम योगी**

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान



सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किए। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

**दिव्यांग के इलाज की व्यवस्था, पेंशन भी बहाल होगी**

जनता दर्शन में देवरिया जनपद से आए एक दिव्यांग ने इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। दिव्यांग से बातचीत में जैसे ही सीएम को उसका आयुष्मान कार्ड न होने की जानकारी हुई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए। सीएम ने उससे दिव्यांग पेंशन के बारे में भी पूछा तो पता चला कि पेंशन मिलती थी, लेकिन किंचित कारणों से अभी बंद है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उक्त दिव्यांग की पेंशन बहाल कराने के लिए निर्देशित किया।

**गोशाला में गोसेवा की सीएम ने**

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़ खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं से गोवंश के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की जानकारी ली और देखभाल के जरूरी दिशानिर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर नितिन नवीन ने दी शुभकामनाएं

### की 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की शक्ति की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री को 140 करोड़ देशवासियों का नेतृत्वकर्ता और राष्ट्रसेवा का प्रतीक बताया। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरक गाथा रही है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि देशवासियों के सामूहिक सपनों को दिशा देने की यात्रा भी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत विकास और आत्मनिर्भरता के नए आयाम गढ़ रहा है तथा विश्व पटल पर अपनी पहचान और सामर्थ्य को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने ईश्वर से प्रधानमंत्री मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। दक्षिण-इससे पहले प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के



अवसर पर नितिन नवीन ने देशवासियों से 17 सितंबर की शाम 6 से 7 बजे के बीच अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री के प्रति शुभकामनाएं और आशीर्वाद व्यक्त करने का आह्वान किया गया है। नितिन नवीन इस अवसर पर उज्जैन के राम घाट पर 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर कार्यक्रमों की शुरुआत करेंगे। नितिन नवीन सुबह भाजपा मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी करेंगे।

## पंजाब के पूर्व डीआईजी भुल्लर के कथित बिचौलिए कृष्णु शारदा से ईडी करेगा पूछताछ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े रिश्वत मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब कथित बिचौलिए कृष्णु शारदा से पूछताछ करेगा। ईडी ने इस बावत अनुमति के लिए विशेष पीएमएलए अदालत में आवेदन दायर किया। अदालत ने शारदा को 18 सितंबर को शारीरिक रूप से पेश होने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करने का निर्देश दिया है।

शारदा फिलहाल मॉडल जेल, बुड़ैल, चंडीगढ़ में न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने जेल अधीक्षक को निर्धारित तारीख पर उसे अदालत में पेश करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के खिलाफ दर्ज रिश्वत मामले से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार भुल्लर जब रोपड़ रेंज के डीआईजी के पद पर तैनात थे, तब शिकायतकर्ता आकाश बट्टा ने आरोप लगाया था कि उसके खिलाफ सरहिंद थाने में दर्ज



एफआईआर में अनुकूल कार्रवाई और उसके कारोबार के खिलाफ कोई कठोर कदम न उठाने के लिए कथित तौर पर रिश्वत की मांग की गई थी। आरोप है कि यह रकम कथित तौर पर कृष्णु शारदा के माध्यम से मांगी गई थी। सीबीआई के रिकॉर्ड के अनुसार 16 अक्टूबर, 2025 को चंडीगढ़ में शारदा को कथित तौर पर 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि यह रकम मांगी गई रिश्वत की एक किस्त थी। मामले में भुल्लर और शारदा दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में कार्रवाई हुई है। जुलाई, 2026 में विशेष सीबीआई अदालत ने भुल्लर और शारदा के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए थे। दोनों आरोपितों ने आरोपों से संबंधित अपनी कानूनी स्थिति अदालत के समक्ष रखी है। ईडी ने अप्रैल, 2026 में पंजाब और चंडीगढ़ में भुल्लर तथा उनसे जुड़े लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई कथित रिश्वतखोरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच का हिस्सा थी।

## राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। दोनों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में हो रही प्रगति का उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा में गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनका योगदान शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन के नए मानक स्थापित किए हैं और समावेशी विकास को नई गति और दिशा दी है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास के बीच सामंजस्य का भी उल्लेख किया।

वहीं, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने संदेश में प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके दृढ़ और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्व में एक उज्ज्वल केंद्र के रूप में उभर रहा है और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से बढ़ने वाले देशों में शामिल है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी उपराष्ट्रपति ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक भारतीय अत्यंत गरीबी से बाहर आए हैं। डिजिटल क्रांति ने लाखों लोगों को सशक्त किया है तथा अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा कि पिछड़े जिलों को 'आकांक्षी जिले', सीमावर्ती गांवों को 'जीवंत और प्रथम गांव' तथा पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' के रूप में संदर्भित करना प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इससे भौगोलिक रूप से हाशिए पर रहे क्षेत्रों को सशक्त बनाने और देश की विकास यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा मिला है।

राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की अपनी यात्राओं में उन्होंने इन बदलावों को देश के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रगति, आकांक्षा और नए उत्साह की भावना सामूहिक विकास यात्रा में लोगों के विश्वास को दर्शाती है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा जयंती पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने निर्माण कार्यों में जुटे देशभर के शिल्पकारों और हुनरमंद लोगों का विशेष अभिनंदन करते हुए कहा कि उनका कौशल और परिश्रम विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा से जुड़े इस दिव्य अवसर पर निर्माण कार्यों में जुटे देशभर के शिल्पकारों एवं हुनरमंद साथियों को उनका विशेष अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि शिल्पकारों का कौशल और परिश्रम देश के विकास तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण की दिशा में शिल्पकारों और हुनरमंद साथियों के प्रयासों को हरसंभव प्रोत्साहन मिलता रहे, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ भगवान विश्वकर्मा की महिमा का वर्णन करने वाला सुभाषित भी साझा किया - 'अनादिरप्रमेयश्च अरूपश्च जयाजयः।

लोकरूपो जगन्नाथः विश्वकर्मन्नमो नमः॥

इस सुभाषित का अर्थ है कि भगवान विश्वकर्मा आदि-अनादि, असीम और अप्रमेय हैं।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्षा मंत्री-सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा

### दीर्घायु की कामना की

एजेंसी

**वाराणसी ।** काशी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ का विशेष अनुष्ठान व दर्शन-पूजन किया। सभी ने मंदिर में जलाभिषेक व आरती कर बाबा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। नेताओं ने प्रधानमंत्री के यशस्वी सुदीर्घ जीवन के साथ ही देश-प्रदेश की खुशहाली की भी कामना की। प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर काशी के पुरोहितों और आचार्यों का सम्मान किया। वाराणसी से वडनगर तक सेवा संकल्प यात्रा से जुड़े बाइकर्स के साथ संवाद तथा काशी विश्वनाथ धाम में अपनी सेवाएं दे रहे स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित भी किया। इसके बाद सभी ने मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं को मिष्ठान वितरण किया। इसके लिए 19-19 किलो के चार लड्डू (76 किलो) तैयार किए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का



जन्मदिन है। इस अवसर पर सभी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। सभी ने ईश्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और आजीवन स्वस्थ रहने की प्रार्थना के साथ ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचाने की कामना की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री व काशी के लोकप्रिय सांसद नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन पर रक्षा मंत्री, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष समेत वरिष्ठ नेताओं ने बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में विशेष पूजा-अनुष्ठान संपन्न किया है। बाबा विश्वनाथ से प्रधानमंत्री के स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना की गई। वह लंबे समय तक भारत का नेतृत्व करें, जिससे देशवासी उनके नेतृत्व में आत्मनिर्भर, सुरक्षित व विकसित भारत की संकल्पना देख सकें और उनके यशस्वी नेतृत्व में भारत दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था की तरफ से तेजी से आगे बढ़े। कार्यक्रम के दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, खजुराहो के सांसद विष्णुदत्त शर्मा, उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, विधायक नीलकंठ तिवारी आदि भी मौजूद रहे।

## फैक्ट चेक: ब्रिक्स सम्मेलन के बाद विश्व नेताओं के बीमार होने का दावा फर्जी

### विदेश मंत्रालय ने किया अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्रालय (एमईए) की फैक्ट चेक टीम ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे कई भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण पोस्टों को लेकर लोगों को सावधान किया। इन पोस्टों में दावा किया जा रहा था कि भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद कई विश्व नेता बीमार पड़ गए हैं। एमईए फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक?स' पर लिखा, 'भ्रामक! लोगों को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे ऐसे दुर्भावनापूर्ण पोस्टों से सावधान रहना चाहिए।' एमईए फैक्ट चेक ने 'फर्स्ट स्क्वाक' नामक अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की। उस पोस्ट में दावा किया गया था, 'बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा सहित कई विश्व नेता भारत में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद कथित रूप से बीमार पड़ गए हैं। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में रिपोर्टों की पुष्टि नहीं हुई है। ' फैक्ट चेक टीम ने 'अनयूजुअल व्हेल्स' की एक पोस्ट भी साझा की, जिसमें कहा गया था, 'ताजा जानकारीः दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा समेत कई विश्व नेता, और कथित रूप से चीन के शी जिनपिंग भी, ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद बीमार पड़ गए हैं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 'एमईए फैक्ट चेक ने 'रॉ एग नेशनलिस्ट' नामक अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की। इस पोस्ट में एक वीडियो के साथ लिखा गया था, 'विशेषः मैं अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए तैयार किए गए भोजन का पहला वीडियो दिखा सकता हूं, जिसने कथित तौर पर शी जिनपिंग और सिरिल रामाफोसा को बीमार कर दिया। ' फैक्ट चेक टीम ने 'डक्का-डक्का' नाम के एक यूजर की पोस्ट का भी उल्लेख किया।

इस पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित कुछ नेताओं को भारत में आयोजित ब्रिक्स कार्यक्रम के दौरान फूड पॉइजनिंग हो गई थी। एमईए फैक्ट चेक ने इस दावे को भ्रामक बताया।

इसके अलावा, 'ब्रिक्स न्यूज' नामक 'एक्स' अकाउंट की एक पोस्ट भी साझा की गई, जिसमें दावा किया गया था, 'दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा भारत में ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद बीमार हो गए। '

एमईए फैक्ट चेक ने इस दावे को भी भ्रामक करार दिया। फैक्ट चेक टीम ने 'इमैनुएल किमुताई मोटेलिन' की एक पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था, 'भारत में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद कई विश्व नेता कथित रूप से बीमार पड़ गए हैं।' इस दावे को भी एमईए फैक्ट चेक ने भ्रामक बताया।

इसके अलावा 'मैव्रिक' नाम के एक यूजर की पोस्ट भी साझा की गई, जिसमें भारत से लौटे दो विश्व नेताओं की खराब सेहत को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की गई थी। एमईए फैक्ट चेक ने संकेत दिया कि इस तरह की टिप्पणियां भी भ्रामक जानकारी फैलाने वाली पोस्टों का हिस्सा हैं।

## नेपाल आपदा में लापता लोगों के परिवारों की मदद के लिए बंगाल सरकार ने उठाए कदम

एजेंसी

**कोलकाता।** नेपाल में आई आपदा के बाद पश्चिम बंगाल के 37 लोग लापता हैं। कई परिवारों के एकमात्र कमाने वाले सदस्य का अब तक पता नहीं चल पाया है। अपनों के लापता होने के साथ ही इन परिवारों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। राज्य सरकार ने ऐसे परिवारों की मदद के लिए कई कदम उठाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने उत्तर बंगाल के एक परिवार को अपना एक महीने का वेतन देने का निर्णय लिया है। वहीं, जिन परिवारों के एकमात्र कमाने वाले सदस्य लापता हैं, उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के विषय पर भी विचार किया जा रहा है। समयऔर कैलेंडर

राज्य सचिवालय नवान्न में लापता लोगों के परिवारों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और लापता लोगों के परिवारों के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने उत्तर बंगाल के एक परिवार को एक महीने का वेतन देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा चार ऐसे परिवारों की पहचान की गई है, जिनके एकमात्र कमाने वाले सदस्य लापता हैं। इन परिवारों के एक सदस्य को नौकरी देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चार परिवारों की देखरेख के लिए एक अधिकारी को जिम्मेदारी देने का भी निर्णय लिया गया है। किसी तरह की समस्या होने पर परिवार संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकेंगे। लापता लोगों के परिवारों ने बताया कि परिवार के सदस्य के लापता होने के कारण उन्हें बैंक संबंधी काम करने में परेशानी हो रही है। गैस बुकिंग और पेंशन निकालने जैसी प्रक्रियाएं भी प्रभावित हुई हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन समस्याओं का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि नियम के अनुसार डीएनए नमूने भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। इसके बाद लापता लोगों के परिवारों ने एक निश्चित अवधि के बाद उन्हें मृत घोषित करने की मांग की है। हालांकि, राज्य के अधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार अपने स्तर पर ऐसा निर्णय नहीं ले सकती। यह मामला केंद्र और नेपाल सरकार से संबंधित है। राज्य सरकार केंद्र के संपर्क में है और वहां से मिलने वाले निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।